Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 166 | बुधवार, 18 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## पीएम नरेंद्र मोदी ने मार्क कार्नी से की मुलाकात

# भारत-कनाडा संबंधों को महत्वपूर्ण बताया

**नई दिल्ली।**

पीएम नरेंद्र मोदी ने जी7 शिखर सम्मेलन के इतर कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने भारत कनाडा संबंधों को महत्वपूर्ण बताया। दोनों नेताओं की बैठक भारत-कनाडा के बिगड़े रिश्तों को सुधारने और आगे बढ़ाने की दिशा में एक बड़ी शुरूआत मानी जा रही है। दोनों नेता एक-दूसरे के साथ व्यापार, ऊर्जा, सुरक्षा और तकनीक जैसे अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को तैयार हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कनाडा के कानानास्किस शहर में चल रहे 51वें जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मुलाकात की। यह बैठक सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय बातचीत के तहत हुई। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने भारत-कनाडा संबंधों को बेहतर बनाने, व्यापार, निवेश, स्वच्छ ऊर्जा और तकनीकी सहयोग जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की। इसके अलावा वैश्विक और क्षेत्रीय विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्नी से मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत और कनाडा के बीच संबंध बेहद महत्वपूर्ण हैं। दोनों देशों को एक-दूसरे के साथ मिलकर ऐसे तरीकों पर काम करना चाहिए जिससे दोनों को फायदा हो यानी विन-विन की स्थिति बन सके। मई 2025 में कार्नी के पदभार ग्रहण करने के बाद से दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी।




## 170 खिलाड़ियों पर आज लगेगी बोली



**लखनऊ।** लीग के मुकाबले इस बार 23 अगस्त से लेकर 16 सितंबर तक लखनऊ और कानपुर में होने की संभावना है, जिस पर बुधवार को होने वाले मिनी ऑक्शन में मुहर लगेगी। यूपी टी-20 लीग के तीसरे सत्र के लिए बुधवार को होने वाले मिनी ऑक्शन का स्टेज तैयार हो चुका है। एक दिवसीय नीलामी प्रक्रिया में प्रदेश के 170 खिलाड़ियों का 45 स्लॉट के जरिए ऑक्शन किया जाएगा। इस दौरान लीग में भाग ले रही सभी छह फ्रेंचाइजी टीमें सुविधा के अनुसार बल्लेबाज, गेंदबाज, हरफनमौला और विकेटकीपर पर बोली लगाएंगे। लीग के मुकाबले इस बार 23 अगस्त से लेकर 16 सितंबर तक लखनऊ और कानपुर में होने की संभावना है, जिस पर बुधवार को होने वाले मिनी ऑक्शन में मुहर लगेगी।

## || सार संक्षेप

### एअर इंडिया की सात अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद

**मुंबई।**




अहमदाबाद विमान हादसे के चलते अब तक के सबसे बड़े संकट का सामना कर रही एअर इंडिया की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। मंगलवार को विभिन्न कारणों से सात अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद करनी पड़ीं। इसके अलावा सैन फ्रांसिस्को-मुंबई उड़ान में गड़बड़ी के कारण यात्रियों को बीच में यानी कोलकाता में ही विमान से उतरना पड़ा। फ्लाइटें रद होने से यात्री हलकान रहे। टाटा समूह द्वारा तीन साल पहले खरीदी गई एअर इंडिया ने कहा कि विमानन नियामक डीजीसीए द्वारा ड्रीमलाइनर बेड़े की कड़ी जांच किए जाने के कारण एअर इंडिया ने छह अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद कर दीं, जबकि अहमदाबाद-लंदन गैटविक उड़ान को विमान की अनुपलब्धता के कारण रद कर दिया गया। बता दें कि एअर इंडिया यूके और यूरोप के लिए बी 787-8 बोइंग ड्रीमलाइनर का संचालन करती है।

### अगले जी7 सम्मेलन की मेजबानी करेगा फ्रांस

**नई दिल्ली।**



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने घोषणा की कि अगले साल जी7 शिखर सम्मेलन फ्रांस के इवियन शहर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इवियन और उसके आसपास के क्षेत्र ने इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को आयोजित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। अगले साल जी-7 शिखर सम्मेलन फ्रांस के इवियन शहर में आयोजित किया जाएगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कनाडा के रॉकीज रिसॉर्ट कनानास्किस में 2025 के शिखर सम्मेलन के दौरान सोशल मीडिया पर एक वीडियो के जरिये यह घोषणा की। इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए मैक्रों ने कहा कि इवियन और उसके आसपास के क्षेत्र ने इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को आयोजित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। बता दें कि इवियन फ्रांसीसी स्पा शहर है और अपने खनिज जल के लिए जाना जाता है। इवियन-लेस-बेन्स, फ्रांस के आल्प्स पहाड़ों में स्विट्जरलैंड की सीमा के पास बसा है। 19वीं शताब्दी में यह अपने प्राकृतिक झरनों के पानी के लिए मशहूर हुआ था और फिर यह एक उच्च श्रेणी का रिसॉर्ट बन गया। इसने राजघरानों और मशहूर हस्तियों को आकर्षित किया।

## हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज को मिलेगा ऑस्कर

**नई दिल्ली।**



मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार टॉम क्रूज को ऑस्कर अवॉर्ड मिल रहा है। इस नामी हॉलीवुड एक्टर के अलावा कुछ और एक्टर्स को भी ऑस्कर अवॉर्ड मिलेगा। जानिए, टॉम क्रूज के अलावा कौन है वो एक्टर्स। एपी न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार मशहूर हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज को आखिरकार ऑस्कर मिलने वाला है। उनके अलावा ऑस्कर पाने वालों की लिस्ट में डॉली पार्टन, डेबी एलेन और व्यान थॉमस भी शामिल होंगे। हॉलीवुड फिल्म अकादमी ने मंगलवार को बताया कि एक्शन फिल्म स्टार टॉम क्रूज और सिंगर-एक्ट्रेस डॉली पार्टन उन हस्तियों में शामिल हैं जिन्हें इस साल लाइफटाइम अचीवमेंट्स के ऑस्कर अवॉर्ड के लिए चुना गया है।

## लड़ाकू विमानों की बढ़ेगी मारक क्षमता

**नई दिल्ली।**




**ग्लाइड बम से होंगे लैस**

भारतीय वायुसेना उन्नत स्वदेशी स्मार्ट एंटी-एयरफील्ड वेपन (एसएएडब्ल्यू) हासिल करने की तैयारी में है। इस ग्लाइड बम से सुखोई-30 एमकेआइ समेत पूरे लड़ाकू विमानों के बेड़े को लैस किया जाएगा, जिससे इन विमानों की मारक क्षमता और बढ़ जाएगी। डीआरडीओ द्वारा विकसित एसएएडब्ल्यू 120 किलोग्राम वजनी यह बम एक स्मार्ट हथियार है। इसकी मारक क्षमता 100 किलोमीटर है। यह हवा से जमीन पर अपने लक्ष्य को सटीकता के साथ निशाना बनाने में सक्षम है। यह हल्का और उच्च सटीकता वाला निर्देशित बम विश्वस्तरीय हथियार प्रणालियों में से एक है। सूत्रों के अनुसार, वायुसेना के एसएएडब्ल्यू एयर-लांच ग्लाइड बम के सेटेलाइट-गाइडेड वर्जन को हासिल करने के प्रस्ताव पर जल्द ही रक्षा मंत्रालय द्वारा चर्चा की उम्मीद है। यह हथियार पाकिस्तान में बालाकोट एयर स्ट्राइक के दौरान उपयोग में लाए गए हथियारों के समान है। इस प्रस्ताव पर चर्चा ऐसे समय होने जा रही है, जब वायुसेना लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियार प्रणालियों को प्राप्त करने में जुटी है और उसे पिछले महीने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने में बड़ी सफलता मिली थी। एसएएडब्ल्यू को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआइ) हैदाराबाद द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है। इस हथियार को जमीन पर दुश्मन के एयरफील्ड की संपत्तियों जैसे रडार, बंकर, टैक्सी ट्रैक्स और रनवे आदि को निशाना बनाने के लिए तैयार किया गया है। रक्षा एवं आंतरिक सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में एआइ के बढ़ते प्रभाव पर इस महीने के अंत में होने वाली संसदीय समिति की बैठक में चर्चा होगी। बैठक में गृह, रक्षा, ऊर्जा और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयों के केंद्रीय सचिवों के संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति के उपस्थित होने की संभावना है। बैठक 26 जून को होने वाली है।

## अमेरिका को पता है कहां छिपे हैं खामनेई

# बिना शर्त आत्मसमर्पण करे ईरान' राष्ट्रपति ट्रंप की खुली चेतावनी



**नई दिल्ली।**

> एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने कहा कि अमेरिका जानता है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई कहां छिपे हुए हैं। लेकिन हम उन्हें मारना नहीं चाहते हैं। उन्होंने ईरान से अब बिना शर्त आत्मसमर्पण करने का आग्रह किया। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने का अनुरोध किया, क्योंकि पांच दिनों से चल रहा इस्राइल–ईरान संघर्ष बढ़ता ही जा रहा है।


ईरान-इस्राइल तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका का ईरान के आसमान पर पूरा नियंत्रण है और खामनेई कहां छिपे हैं, यह भी पता है। उन्होंने कहा कि फिलहाल हम खामनेई को नहीं मारना चाहते, लेकिन ईरान को अब बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए। इस्राइल-ईरान तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, अब हमारा ईरान के आसमान पर पूरी तरह नियंत्रण है। उनका यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब इस तरह की अटकलें तेज हुई हैं कि क्या अमेरिका ईरान पर इस्राइल के हमलों में शामिल होगा या नहीं? ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, अब हमारे पास ईरान के आसमान पर पूर्ण और पूरी तरह नियंत्रण है। उन्होंने अमेरिका में बने हथियारों की तारीफ की, हालांकि उन्होंने इस्राइल का सीधे तौर पर जिक्र नहीं किया। उन्होंने लिखा, कोई भी यह काम हमसे बेहतर नहीं करता पुराने और भरोसेमंद अमेरिका से अच्छा कोई नहीं।

## उत्तराखंड से लेकर ओडिशा तक आज भारी बारिश के आसार

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून उत्तरी अरब सागर और गुजरात के कुछ और हिस्सों और विदर्भ के शेष हिस्सों, मध्य प्रदेश के अधिक हिस्सों, छत्तीसगढ़ के अधिकांश हिस्सों, ओडिशा के शेष हिस्सों, झारखंड के कुछ हिस्सों, पूरे गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल के शेष हिस्सों और बिहार के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है।

## इसी साल पूरा होगा शहरों में भूमि सुधार का पायलट प्रोजेक्ट

**नई दिल्ली।**



शहरी सुधार को गति देने के लिए केंद्र सरकार इस साल पायलट प्रोजेक्ट वाले 159 जिलों अथवा स्थानीय निकायों में जमीन के रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण का काम पूरा करना चाहती है। राज्यों को इस वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक तीन चरणों में इस काम को पूरा करने के लिए कहा गया है। ये तीन चरण भूमि का एरियल, ग्राउंड सर्वे तथा आपत्तियों के निस्तारण के बाद रिकार्ड का डिजिटल प्रकाशन सुनिश्चित करना है। इस पहल से संपत्तियों के स्वामित्व में पारदर्शिता के साथ-साथ शहरी नियोजन में भी सुविधा होगी। शहरी सुधार से संबंधित दो केंद्रीय समितियों ने भी इसकी अनिवार्यता पर जोर दिया था और स्थानीय निकायों को आज की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने के लिए इस काम को प्राथमिकता के आधार पर करने का सुझाव दिया था। इनमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र, तेलंगाना और राजस्थान के सबसे अधिक 10-10 शहर और स्थानीय निकाय शामिल हैं। बिहार और पंजाब के छह-छह, छत्तीसगढ़ के तीन और उत्तराखंड व जम्मू-कश्मीर के चार-चार शहरों को इसमें लिया गया है। इनका चयन राज्यों को खुद करना है। पायलट प्रोजेक्ट के बाद केंद्र सरकार ने 1000 शहरी स्थानीय निकायों को इसके दायरे में लेने का निर्णय किया है।

## बिहार में मानसून की एंट्री, दिल्ली-यूपी में आज होगी झमाझम बारिश

**नई दिल्ली।**



**मौसम विभाग ने बुधवार के लिए यलो अलर्ट जारी किया है**

मानसून का इंतजार हर साल लोगों को रहता है। इस बार देश में मानसून की एंट्री समय से पहले हो गई। केरल में कई दिन पहले ही मानसून ने दस्तक दे दी थी। वहीं, अब बिहार में भी मौसम तेजी से बदलने वाला है क्योंकि बिहार में मानसून ने अपनी दस्तक दे दी है। मौसम विभाग के मुताबिक, बिहार आज पूरी तरह से मानसून सक्रिय हो जाएगा। बिहार में मानसून की पहली बारिश बांका, भागलपुर, कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज, अररिया, मधेपुरा, सहरसा और सुपौल जिलों में रिकॉर्ड की गई है। राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश, गरज-चमक और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने बिहार के कई इलाकों में अलर्ट जारी किया है। गुजरात में भी मानसून का आगमन हो चुका है, लेकिन दो दिनों से हो रही भारी बारिश की तीव्रता में अब कमी आएगी, क्योंकि निम्न दबाव का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम की ओर खिसकने लगा रहा है। मंगलवार दोपहर बाद दिल्ली में प्री मानसून की तेज वर्षा ने गर्मी के तेवर ढीले कर दिए। तेज हवाओं के साथ हुई वर्षा से उमस तो कम हुई ही, तापमान में भी गिरावट देखने को मिली। मौसम विभाग की मानें तो बुधवार को भी आंधी व वर्षा जारी रहने का पूर्वानुमान है। सप्ताहांत तक मानसून के दिल्ली के काफी करीब आ जाने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इसके तहत बिजली चमकने के साथ गरज के साथ हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा होने और 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की भविष्यवाणी की गई है, खासकर रात के दौरान। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 34 और 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।

## संपादक की कलम से

# सीयू को रैंकिंग की छत

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के बिखरे परिसरों को राष्ट्रीय रैंकिंग की छत मिली है। इंडियन इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क 2025 की पड़ताल में अगर भारतीय विश्वविद्यालयों में इसे आठवां स्थान मिला, तो कुछ अकादमिक गतिविधियां और कुछ माहौल की विश्वसनीयता में निखार माना ही जाएगा। बेशक यह सफर 2009 से शुरू हुआ, लेकिन आरंभ से आज तक विश्वविद्यालय की चर्चा सियासी मसलों, सरकारों की निष्ठा और क्षेत्रवाद की वजह से कहीं अधिक हुई।



ललित शर्मा
संपादक


अभी भी यह विश्वविद्यालय अपने संगठन के आरंभिक दौर में स्थायित्व की तलाश में है। धर्मशाला, शाहपुर और देहरा में किराये की छतों के नीचे शिक्षा परिसर में दीप जलाए रखने के लिए तमाम फैकल्टी सदस्य, प्रबंधक तथा कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल बधाई के पात्र हैं। अंतत: जीती तो शिक्षा ही, न वो भौंडी राजनीति जीती जो परिसर की छीनाझपटी में देहरा के मंच से धर्मशाला के नाम से शुरू हुई यूनिवर्सिटी को गाली दे रही थी या जिन्होंने जदरांगल परिसर को आज तक ताले में बंद रखा। यह उन छात्रों के नाम उपलब्धि है, जो केंद्रीय विश्वविद्यालय के सफर पर धर्मशाला आए या शाहपुर–देहरा की तरफ निकल गए। जाहिर है रैंकिंग के आयाम में शिक्षा, अनुसंधान, उद्योग सहभागिता, प्लेसमेंट, अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण और सामाजिक प्रभाव के विभिन्न पहलुओं में अगर केंद्रीय विश्वविद्यालय उत्तीर्ण हो रहा है, तो कहना पड़ेगा कि ज्ञान की सिद्धि में दिशा का चयन सही परिप्रेक्ष्य में उभर रहा है। यह उस वक्त की शुभ सूचना है, जब हिमाचल में स्थित कई शिक्षण संस्थान अप्रासंगिक हो चुके हैं और कई विश्वविद्यालयों की रैंकिंग नीचे गिरी है। प्रदेश में कई इंजीनियरिंग कालेज बंद हो चुके हैं, जबकि एमबीए जैसी डिग्रियां भी धूल चाट रही हैं, तो राष्ट्रीय रैंकिंग की वजह से केंद्रीय विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों को तवज्जो मिलेगी। कुछ नए हस्तक्षेप के साथ अंतरराष्ट्रीय विषयों के पाठ्यक्रम सुधार में अगर सफलता मिल रही है, तो यह नए भारत के प्रति परिसर का समर्पण ही माना जाएगा। माना कि इस रैंकिंग का ताल्लुक कागजी उपलब्धियों का वर्णन है, फिर भी राष्ट्रीय पटल पर धर्मशाला केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रति शंकाएं खत्म होकर अकादमिक जिज्ञासा बढ़ा रही हैं। देखना यह होगा कि इस उपलब्धि में कौन–कौन से कोर्सिस आगे चले, कौन से संदर्भ पुख्ता हुए, कौन सा शोध पारंगत हुआ और अध्ययन परिपाटी की ईमानदारी में छात्र समुदाय का कितना उत्थान हुआ। जाहिर है रैंकिंग में सुधार से विश्वविद्यालय का अवलोकन नए मूल्य जोड़ेगा। देखना यह भी होगा कि डिग्री की प्रासंगिकता में छात्र समुदाय का कितना उत्थान हुआ। जाहिर है रैंकिंग में सुधार से विश्वविद्यालय का अवलोकन नए मूल्य जोड़ेगा। देखना यह भी होगा कि डिग्री की प्रासंगिकता में छात्र समुदाय का योगदान देश के प्रति, अपने भविष्य के प्रति और मानवता के प्रति कौन से नए संदेश और भूमिका जोड़ पाते हैं। राष्ट्र का ध्यान आकृष्ट करने के लिए समूची फैकल्टी ने खुद को एक पैमाने के सामने साबित किया है, लेकिन दूसरा पैमाना इन बिखरी छतों को मूल परियोजना के अर्थों में साबित करना होगा। आज भी केंद्रीय विश्वविद्यालय की बिगड़ी तस्वीर धर्मशाला के प्रस्तावित जदरांगल परिसर की अनिश्चितता में लटकी है। आज की तारीख में सबसे अधिक छात्र, फैकल्टी मेंबर और राष्ट्रीय पलकों पर अगर धर्मशाला के नाम पर केंद्रीय विश्वविद्यालय की सफलता के फलक देखे जा रहे हैं, तो क्यों जदरांगल परिसर को मिला बजट धूल चाट रहा है। यह कौन सी सियासत और कौन सा इंसाफ छात्र समुदाय और केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ हो रहा है।

# साइप्रस यात्रा के जरिए तुर्की को कूटनीतिक जवाब

दिल्ली में केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के कदमों को देखिए। हर बार वे चौंकाते रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब समूचा विपक्ष भारत सरकार की विदेश नीति की नाकामी को लेकर मोदी सरकार पर निशाना लगा रहा था, प्रधानमंत्री ने साइप्रस की यात्रा करके देश को चौंका दिया है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी से पूछा गया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर भारत की कार्रवाई इतनी सटीक क्यों रही? पाकिस्तान की खुफिया सेवा इसे भांप क्यों नहीं पाई, पाकिस्तानी राजनेता और सेना क्यों भारतीय कार्रवाई का अंदाजा नहीं लगा पाए। सवाल खत्म होते ही प्रधानमंत्री ठठाकर हंस पड़े। हंसते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना और राजनीति भारत के विपक्षी दलों की ही तरह हैं। जिस तरह वे मेरे बारे में अंदाजा नहीं लगा सकते, कुछ उसी तरह पाकिस्तानी भी अंदाजा नहीं लगा सकते। दिल्ली में केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के कदमों को देखिए। हर बार वे चौंकाते रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब समूचा विपक्ष भारत सरकार की विदेश नीति की नाकामी को लेकर मोदी सरकार पर निशाना लगा रहा था, प्रधानमंत्री ने साइप्रस की यात्रा करके देश को चौंका दिया है। भूमध्य सागर के द्वीपीय देश साइप्रस की यात्रा का अचानक से ऐलान होना और कनाडा जाते हुए रास्ते में प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस उतरना और वहां के शीर्ष नेताओं से मिलना भारतीय विदेश नीति का चौंकाऊं फैसला ही है। देश के शीर्ष नेताओं की विदेश यात्राएं अरसा पहले से तय होती हैं, उसकी जानकारी राजनीति के साथ ही पत्रकारिता को भी होती है। लेकिन प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा अचानक से हुई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा का 14 मई को अचानक ऐलान किया। साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री मोदी ने वहां के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स से बातचीत भी की। ऐसे में सवाल यह उठ सकता है कि साइप्रस की यह अचानक यात्रा क्यों?

इस सवाल के जवाब में एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुई घटनाओं की ओर लौटना होगा। याद कीजिए, तब पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन के जरिए सैकड़ों हमले किए थे। उन हमलों को बेशक भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। साइप्रस की यात्रा के



**भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की यात्रा के बाद इजरायल, भारत और साइप्रस संबंधों को भी गति मिलने की संभावना है। दुनिया इन दिनों चीन के ह्यवन बेल्ट–वन रोड के जवाब में मध्य पूर्व के देशों के साथ यूरोप इंडिया–मिडिल ईस्ट–यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर यानी आईएमईसी पर काम कर रहा है। भारत की साइप्रस यात्रा इस कॉरीडोर में भारत की संभावनाओं की भी खोज करती है। साइप्रस जाने वाली पहली भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी रहीं, जिन्होंने 1983 में इस देश का दौरा किया था, इसके उन्नीस साल बाद अटल बिहारी वाजपेयी ने साइप्रस की यात्रा की थी। इसके 23 साल बाद मोदी की यात्रा हो रही है। यह यात्रा तुर्की को जवाब भी है और भारत की यूरोपी संघ से सीधे कारोबारी संपर्क की कोशिश भी।**

लिए हमें उन हमलों में इस्तेमाल हुए ड्रोन को देखना होगा। पाकिस्तान ने जिन ड्रोन से हमले किए, ज्यादातर तुर्की में बने सोनगार ड्रोन थे। हवाई हमलों में तुर्की के इन ड्रोन को बेहद मारक माना जाता है। हालांकि वे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम के सामने बेकार ही साबित हुए। कूटनीतिक हलकों को पता है कि तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन ने पाकिस्तान को उपलब्ध कराया। अर्दोआन ने पर्दे के पीछे से पाकिस्तान का साथ दिया। इतना ही नहीं, भारत ने जब इस बात को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने रखा तो अर्दोआन ने ट्वीटर पर ह्यपाकिस्तान-तुर्की दोस्ती जिंदाबादह्ण लिखकर एक तरह से भारत के आरोप को साबित कर दिया। इसे भारत को मुंह चिढ़ाना भी कह सकते हैं। यह उस तुर्की का कदम था, जिसे भारत ने दो साल पहले दिल खोलकर मानवीय आधार पर सहयोग दिया था। छह फरवरी 2023 को तुर्की में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, उस झटके में तुर्की में 53 हजार लोगों की मौत हो गई थी, हजारों लोग घायल हो गए थे। जान-माल के भारी नुकसान के बाद भारत ने मानवीय सहायता के साथ ही विशेषज्ञों की टीम के साथ बचाव दल भेजा था। राहत के तुर्की पहुंचने वाली टीमों में भारत की टीम भी शामिल थी। तुर्की के राष्ट्रपति ने जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से दोस्ती को जगजाहिर किया तो उसे भारत के लोगों ने भारत के लिए मुंह चिढ़ाना माना। रही-सही कसर पूरी हुई मई के आखिर में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की तुर्की की यात्रा से। तब भारत के सामने अर्दोआन के रूख को लेकर कोई गुंजाइश ही नहीं रही। तुर्की को लेकर भारतीय समुदाय की सोच अब भी ऐसी ही है। ऐसा नहीं कि पहली बार तुर्की ने भारत के खिलाफ पाकिस्तान का पक्ष लेते हुए ऐसा कदम उठाया है। संयुक्त राष्ट्र संघ समेत कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के पक्ष में अर्दोआन सहयोगी भूमिका पेश करते रहे हैं। इन वजहों से तुर्की को लेकर भारत में गुस्सा भी बहुत रहा है। कश्मीर के मसले पर तुर्की हर बार पाकिस्तान के साथ ही खड़ा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस दौरा भारत के उसी गुस्से की अभिव्यक्ति और भारत को मुंह चिढ़ाने के अर्दोआन के प्रयासों का जवाब माना जा सकता है। इसकी वजह है कि साइप्रस और तुर्की के बीच जारी बरसों पुराना विवाद।

साइप्रस में यूनानी और तुर्की मूल के लोग रहते हैं। तुर्की के दोनों समुदायों में नस्ली आधार पर विवाद रहा है। साइप्रस में साल 1974 में तत्कालीन सरकार के खिलाफ यूनानी मूल के आतंकी समूहों ने तख्तापलट की कोशिश की। इसे तुर्की ने अपने लोगों के खिलाफ युद्ध माना। इसके बाद तुर्की ने साइप्रस पर हमला कर दिया। इस दौरान तुर्की की सेनाओं ने साइप्रस के दूसरे नंबर के मशहूर शहर वरोशा पर कब्जा कर लिया। यह शहर अपने बहुमंजिला भवनों के लिए प्रसिद्ध रहा है। यहां पूरे साल सैलानी आते रहते थे। लेकिन जब से तुर्की के कब्जे में यह शहर है, सैलानियों के लिए तरस रहा है। तुर्की की सेना के 35 हजार जवान यहां तैनात हैं। इसके बाद से एक तरह से यह द्वीपीय देश दो हिस्सों में बंट गया है। तुर्की के कब्जे वाले इलाके को तुर्की ने राष्ट्र का दर्जा दे रखा है। दिलचस्प है कि इस राष्ट्र के अस्तित्व को तुर्की के अलावा कोई देश स्वीकार नहीं करता। साइप्रस यूरोपीय संघ का भी सदस्य है और एक जनवरी 2026 से वह संघ का अध्यक्ष बनने जा रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। भारत को उम्मीद है कि साइप्रस के अध्यक्ष रहते यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो जाएगा। साइप्रस ने कई मौकों पर भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट की दावेदारी का समर्थन कर चुका है। मोदी ने साइप्रस जाकर दो संदेश देने की कोशिश की है। पहला संदेश तुर्की के लिए है। भारत ने जता दिया है कि वह साइप्रस को सहयोग देगा और साइप्रस से सहयोग लेगा। वैसे भी साइप्रस के आईटी उद्योग और पर्यटन में भारत के हजारों लोग कार्यरत हैं। साइप्रस स्थित भारतीय हाईकमीशन के मुताबिक साइप्रस में साढ़े ग्यारह हजार लोग रहते हैं। मोदी की साइप्रस यात्रा का दूसरा संदेश भारतीयों के लिए है। पहले भारत से बहुत सारे सैलानी तुर्की जाते थे, लेकिन अब वे साइप्रस जाएंगे। वैसे पाकिस्तान के सहयोग के खुलासे के बाद से ही तुर्की के लिए बुक टिकटों को भारतीयों ने कैंसल कराना शुरू कर दिया था। मोदी की कोशिश साइप्रस को बढ़ाकर तुर्की की आर्थिक रीढ़ पर चोट पहुंचाना है। साथ ही तुर्की को संदेश देना है कि जरूरत पड़ने पर भारत तुर्की के खिलाफ कड़े कदम भी उठा सकता है।

प्रधानमंत्री ने कनाडा जाते हुए साइप्रस की यात्रा से तुर्की को भी चौंकाया है। तुर्की के राष्ट्रपति अर्दोआन ने 2021 में कहा था कि साइप्रस की जिम्मेदारी तुर्की की है। यानी एक तरह से वह साइप्रस के एकीकरण के संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव के खिलाफ हैं। हालांकि अर्दोआन के कदम का इजरायल कड़ा विरोध करता है। साइप्रस की मौजूदा सरकार के साथ इजरायल मजबूती से खड़ा है। जाहिर है कि तुर्की के कदम का इजरायल विरोध कर रहा है।

## विजयता सचदेवा

## आज का दिन बहुत भारी है

### कविता



अहमदाबाद में हुआ विमान हादसा सिर्फ एक समाचार नहीं है
यह दुख का पहाड़ है,
जो ना जाने कितने घरों पर टूट पड़ा।

वो विमान सिर्फ एक मशीन नहीं थी —
वो एक चलती हुई उम्मीद थी,
जिसमें बैठे थे हमारे अपने
कोई भारत का था, कोई विदेश से था,
कोई किसी की माँ थी,
कोई बेटे के पास लौट रहा था,
कोई नौकरी के सफर में था,
कोई छुट्टी मनाकर वापस आ रहा था।

लेकिन किसी को भी क्या पता था
कि यह यात्रा उनकी अंतिम यात्रा बन जाएगी।

मन व्यथित है
हृदय मौन है
आँखें नम हैं

हम उन सभी परिवारों के साथ हैं
जो आज अपने अपनों को खो बैठे हैं।

ईश्वर से प्रार्थना है —
कि जो इस हादसे में दिवंगत हुए,
उनकी आत्मा को शांति दे।
और जो इस समय पीड़ा में हैं,
उन्हें धैर्य, साहस और सहारा दे।

आज न भाषा काम आती है, न तर्क
बस एक बात कहनी है :

हम आपके साथ हैं।
पूरी मानवता आपके साथ है।
और यह देश, हर पीड़ित परिवार को नमन करता है।

# पोल्का डॉट साड़ी से बनाएं खूबसूरत ड्रेस

आपके पास भी इस तरह की पोल्का डॉट साड़ी हैं और अब इन साड़ियों को आप नहीं पहनती हैं। तो आप इन साड़ियों के इस्तेमाल से डिजाइनर ड्रेस तैयार कर सकती हैं। ऐसे में आप इन ड्रेसेज को पहनकर काफी खूबसूरत लगेंगी। आजकल पोल्का डॉट साड़ी काफी चलन में हैं। ऐसे में ज्यादातर महिलाओं के पास यह साड़ी देखने को मिल जाएगी। हालांकि दो-तीन बार एक साड़ी को पहनने के बाद ज्यादातर महिलाएं इन्हें किसी और को दे देती हैं या फिर उस साड़ी को फेंक देती हैं। ऐसे में आपके पास भी इस तरह की पोल्का डॉट साड़ी हैं और अब इन साड़ियों को आप नहीं पहनती हैं। तो आप इन साड़ियों के इस्तेमाल से डिजाइनर ड्रेस तैयार कर सकती हैं। ऐसे में आप इन ड्रेसेज को पहनकर काफी खूबसूरत लगेंगी। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पोल्का साड़ी से बनने वाली ड्रेस के बारे में बताने जा रहे हैं।

**पोल्का डॉट वन शोल्डर मिडी ड्रेस:** अगर आपके पास ब्लैक एंड व्हाइट कलर की पोल्का डॉट साड़ी है। तो इसका इस्तेमाल करके पोल्का डॉट वन शोल्डर मिडी ड्रेस तैयार कर सकती हैं। इस ड्रेस के साथ मेकअप, एक्सेसरीज और हील्स भी शामिल कर सकती हैं। इस ड्रेस को पहनकर आपका लुक गॉर्जियस लगेगा।

**प्रिंटेड फिट एंड फ्लायर ड्रेस:** आप किसी भी पोल्का डॉट साड़ी के इस्तेमाल से प्रिंटेड फिट एंड फ्लायर ड्रेस बना सकती हैं। इस ड्रेस को आप किसी भी फंक्शन में भी जा सकती हैं। आप टेलर की मदद से या खुद से इसको अपनी साइज के हिसाब से बनवा सकती हैं। वहीं मेकअप और हेयर स्टाइल से अपने लुक की खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं।

**नेवी ब्लू पोल्का डॉट प्रिंटेड ड्रेस:** अगर आप भी भीड़ से हटकर नजर आना चाहती हैं तो आप पोल्का डॉट साड़ी का इस्तेमाल कर नेवी ब्लू पोल्का डॉट प्रिंटेड ड्रेस तैयार करवा सकती हैं। यह आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेगा। वहीं आप चाहें तो इस ड्रेस को घर पर भी तैयार कर सकती हैं। आप इस ड्रेस को पहनकर क्लासी और मॉर्डन लुक क्रिएट कर सकती हैं।

**पोल्का डॉट लेयर्ड मिडी ड्रेस:** आप चाहें को अपनी किसी भी पोल्का डॉट साड़ी का इस्तेमाल कर पोल्का डॉट लेयर्ड मिडी ड्रेस को बना सकती हैं। इसको पहनकर आप किसी खूबसूरत हसीना से कम नहीं लगेंगे। यह रेट्रो लुक की तरह है, जिसको आप रीक्रिएट कर 90२ की अभिनेत्री की तरह दिख सकती हैं। आपके इस लुक को देखकर घर में मौजूद सभी लोग आपकी तारीफ करने पर मजबूर हो जाएंगे।



# देहरादून में करना चाहते कुछ तूफानी तो जरूर एक्सप्लोर करें ये जगहें, जमकर कर सकेंगे मस्ती

अगर आप देहरादून में ऐसी जगहों की तलाश करना चाहते हैं, जहां पर कुछ अच्छी एक्टिविटी कर सकें। अगर आप भी देहरादून में कुछ तूफानी करना चाहते हैं, तो आपको आसपास के हिल स्टेशन पर घूमने जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

देहरादून एक ऐसी जगह है, जहां पर आपको खूबसूरत हिल स्टेशन मिलेंगे। यहां से हरिद्वार, ऋषिकेश, मसूरी और धनोल्टी जैसी कई जगहों पर आप जा सकते हैं। वहीं अगर आप देहरादून में कुछ रोमांचक अनुभव करना चाहते हैं। वहीं कुछ देहरादून में ऐसी जगहों की तलाश करना चाहते हैं, जहां पर कुछ अच्छी एक्टिविटी कर सकें। अगर आप भी देहरादून में कुछ तूफानी करना चाहते हैं, तो आपको आसपास के हिल स्टेशन पर घूमने जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देहरादून की कुछ खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।



**रॉबर्स केव देहरादून:** देहरादून की यह आपको काफी रोमांचक लगेगी। क्योंकि इसकी बनावट लोगों को आकर्षित करती है। जिन लोगों ने पहले कभी गुफा वाली जगहों पर प्रवेश नहीं किया है, उनके लिए यह एडवेंचर्स साबित हो सकता है। क्योंकि यहां पर आपको पैदल जाना होगा। पैरों में पानी होता है और मछलियां आपके पैरों को छूती हैं। हालांकि शुरूआत में आपको गुफा में चलने में थोड़ा डर लग सकता है, लेकिन धीरे-धीरे अंदर जाते ही नॉर्मल लगने लगेगा। प्रयास करें कि आप सुबह-सुबह पहुंचें, क्योंकि यहां पर बहुत भीड़ लगती है। यह मसूरी के पास घूमने लायक अच्छी जगहों में से एक है।

**रॉक क्लाइबिंग:** अगर आप कुछ तूफानी करना चाहते हैं और बिना किसी सहारे के पेड़ पर चढ़ना चाहते हैं। तो आपको देहरादून में रॉक क्लाइंबिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। यह सालन गांव में रॉक क्लाइबिंग करवाई जाती है। जहां पर आपको हर दिन भीड़ देखने को मिलेगी। आप यहां पर कैंपिंग के साथ कई तरह की एक्टिविटी भी कर सकते हैं। वहीं आप यहां पर पैकेज भी बुक कर सकते हैं और पूरा रात टेंट में बिता सकते हैं। इस दौरान आपको मिट्टी के बर्तन में खाना बनाना होगा और पूरी लाइफ कैंप की तरह जीना होगा। यह आपके लिए एक रोमांचक अनुभव हो सकता है।

**मालसी डियर पार्क:** अगर आप देहरादून में कुछ रोमांचक करना चाहते हैं, तो मालसी डियर पार्क जा सकते हैं। क्योंकि यह जगह आपको निराश नहीं करेगी। आप यहां पर जिप लाइनिंग और तरह-तरह की एक्टिविटी भी कर सकेंगे। बच्चों को भी यहां पर एक्टिविटी करवाई जाती है। वहीं अगर आप छोटा ट्रिप प्लान कर रही हैं, तो आपको यहां पर आपको भूलकर भी नहीं जाना चाहिए। यह देहरादून के पास घूमने वाली बेस्ट जगहों में से एक है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# द्वारिकेश शुगर मिल द्वारा ट्रैक्टर ट्राली से क्षेत्र में अवैध रूप से कीटनाशक दवाइयां सप्लाई करने पर हुआ हंगामा

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**बिजनौर नगीना।** भाकियू अराजनैतिक के कार्यकताओं ने अवैध तरीके से बेची जारही कीटनाशक दवाओं कर रोक लगाने की मांग

द्वारिकेश शुगर मिल द्वारा ट्रैक्टर ट्राली से क्षेत्र में अवैध रूप से कीटनाशक दवाइयां सप्लाई करने पर क्षेत्र के किसानों ने कीटनाशक दवाइयां को रुकवा दिया।और उनसे पेपर मांगने पर जब संतोष जनक जवाब नहीं मिला तो किसानों ने भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के जिला अध्यक्ष नितिन सिरोही व तहसील अध्यक्ष नमेद्र सिंह को इसकी जानकारी दी। जिला अध्यक्ष ने तुरंत जिला कृषि अधिकारी को सूचना दी जिला कृषि अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर ट्राली में भरी कीटनाशक दवाई के सैंपल भी लिए। मौके पर पहुंचे यूनियन के कार्यकताओं मिल परिक्षेत्र से बाहर दवाई बेचने पर हंगामा कर दिया। जिससे हंगामा बढ़ते हुए कुछ मिल पक्ष के लोगों ने यूनियन के कार्यकताओं से अभद्रता कर दी। जिस पर यूनियन कार्यकर्ता बिगड़ गए। बाद में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह के पहुंचने मिल के उच्च अधिकारियों द्वारा माफी मांगने का आश्वासन देने पर मामला शांत हुआ। मंगलवार के दोपहर द्वारिकेश शुगर मिल से कीटनाशक दवाइयां भरा एक ट्रैक्टर हैजरपुर क्षेत्र में जगह-जगह कीटनाशक दवाइयां उतार रहे थे। तभी कुछ किसानों ने कीटनाशक से भारी दवाइयां के ट्रैक्टर को रोक लिया। और उनसे दवाई बेचने का कारण पूछने लगे तथा उनके पेपर देखने लगे जिस पर मिल कर्मचारी कोई पेपर नहीं दिखा सके। तो किसानों ने किसान यूनियन अराजनीतिक के जिला अध्यक्ष को फोन कर दिया जिला अध्यक्ष नितिन सिरोही व तहसील अध्यक्ष नमेद्र सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और ट्रैक्टर ट्राली से बेच रही दवाइयां के पेपर दिखाने को कहने लगे लेकिन ट्रैक्टर पर तैनात कर्मचारी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। जिला अध्यक्ष नितिन सिरोही ने जिला कृषि अधिकारी को फोन कर बुला लिया। कृषि अधिकारी ने ट्रैक्टर ट्राली की कीटनाशक दवाइयां के सैंपल लेकर मिल अधिकारियों को नोटिस दे दिया। मौके पर पहुंचे दिगंबर सिंह ने मिल अधिकारियों में जिला कृषि अधिकारी को भी जमकर हडकातें हुए कहा कि मिल परिक्षेत्र के बाहर कोई भी कीटनाशक दवाई न बेची जाए। प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह ने बताया कि मिल के उच्च अधिकारियों ने माफी मांगने का आश्वासन देते हुए लगभग 7 घंटे चले हंगामे के बाद मामले को शांत कर दिया। मिल गन्ना प्रबंधक यशपाल सिंह ने बताया कि किसानों की मांग पर उन्हें क्षेत्र में दवाई वितरित की जाती है।

# एल आर पी व ग्रुप लीडर्स को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**बिजनौर।** विकास भवन स्थित सभागार कक्ष में यूपीडास्प द्वारा संचालित नमामि गंगे जैविक खेती योजना द्वितीय चरण के द्वितीय वर्ष के चयनित ग्रुप लीडर्स व एलआरपी को जैविक खेती व वेल्यू एडिशन का प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञों द्वारा मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अन्तर्गत उपनिदेशक कृषि ?, घनश्याम वर्मा व जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया कृषि विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ लोकेश अग्रवाल ने पशुपालन, जिला उद्यान अधिकारी आर एन वर्मा ने उद्यान विभाग की योजनाओं की जानकारी दी, डॉ आर एस पिप्पल, जिला परियोजना समन्वयक, यूपीडास्प द्वारा नमामि गंगे अन्तर्गत ऐओसीपी योजना की प्रगति व कार्यक्रमों के बारे में बताया। खेती के बारे में बताया । इस अवसर पर सपोर्ट एजेंसी सिम्फैड से सुनीत तोमर, रीजनल काउंसिल से अशोक श्रीवास्तव द्वारा जैविक खेती को बढ़ावा देने मृदा को स्वस्थ रखने एवं जैविक उत्पादों की मार्केटिंग व जैविक प्रमाण पत्र आदि मुद्दों पर चर्चा की गई।योगेंद्र पाल सिंह योगी सेवानिवृत्ति विषय वस्तु विशेषज्ञ द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया गया।

# विद्युत विभाग द्वारा चलाये जा रहे बिजली चैकिंग अभियान से बिजली चोरों में हड़कंप

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** बिजली चोरी पर प्रभावी रोकथाम के लिए विद्युत विभाग पूरी तरह एक्टिव मोड में नजर आ रहा हैं। विद्युत विभाग द्वारा लगातार शहरी क्षेत्र के मौहल्लों में बिजली चैकिंग अभियान चलाकर विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जा रहीं हैं।

एसडीओ प्रद्युम्न सिंह ने बताया कि शहरी क्षेत्र में बिजली चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं जिस कारण विद्युत विभाग को सघन चैकिंग अभियान चलाना पड़ रहा हैं। भीषण गर्मी में बिजली की डिमांड काफी अधिक बढ़ गई हैं और बिजली चोरी की वारदाते भी काफी बढ़ी हुई हैं। जिसको देखते हुए विद्युत उपभोक्ताओं के हित में बिजली चैकिंग अभियान चलाया जा रहा हैं जिसमें विभाग काफी हद तक कामयाब भी हो रहा हैं। किला बिजली घर के अवर अभियंता चन्द्रिका यादव ने बताया कि वैसे तो किला बिजली घर क्षेत्र में लाइन लास काफी कम हैं लेकिन इसके बावजूद भी बिजली घर क्षेत्रों के मौहल्लों में विद्युत चैकिंग अभियान चलाया जा रहा हैं और बिजली चोरी करते हुए पाये जाने पर रिपोर्ट भी दर्ज कराई जा रहीं हैं। विद्युत विभाग द्वारा चलाये जा रहे बिजली चैकिंग अभियान से बिजली चोरों में हड़कंप मचा हुआ हैं। विद्युत विभाग द्वारा जारी चैकिंग अभियान के कारण लोगों ने अपने कटिया कनेक्शन उतार लिये हैं और बिजली चोरी नहीं कर पा रहे हैं।

# जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज में योगा कार्यक्रम में छात्र छात्राएं ले रहे बढ़चढकर हिस्सा

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर .ऊंचागांव :** 21 जून विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में देश भर में योग महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को अमरगढ़ स्थित जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज योग कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार तिवारी ने विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे सभी छात्र छात्राओं को व कॉलेज के समस्त शिक्षक स्टाफ ने योगाभ्यास किया। प्रशिक्षित मार्गदर्शकों की देखरेख में कॉलेज के सभी छात्र छात्राओं को कक्षा कक्ष और मैदान में विभिन्न आसान और प्राणायाम सिखाए जा रहे हैं। पहले दिन छात्रों ने ॐ प्राणायाम और भ्रामरी प्राणायाम सीखा। साथ ही कुछ बाल सहज आसनों का अभ्यास किया। विद्यार्थियों ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की प्रतिज्ञा ली। उन्होंने अपने परिवार को भी योग से जोड़ने का संकल्प लिया। कॉलेज के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार तिवारी व शिक्षक स्टाफ विद्यार्थियों को योग का महत्व समझा रहे हैं। वे ध्यान केंद्रित करने वाली योग क्रियाओं की जानकारी दे रहे हैं। सप्ताह भर विभिन्न आसनों और उनके लाभों की जानकारी चार्ट के माध्यम से दी जाएगी। कॉलेज के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि 21 जून को कॉलेज में विशेष योग शिवर होगा इस शिवर में कॉलेज के समस्त छात्र छात्राएं और उनके माता पिता और आसपास की निवासी भाग लेंगे। छात्र छात्राओं को योग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी भी दी जा रही है। कॉलेज के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार तिवारी ने कहा कि योग शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है। इसी कारण 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाता है। छात्र छात्राएं आसनों को सीख कर प्रसन्न हैं।

# वरिष्ठ पत्रकार अनुज शर्मा का निधन पत्रकारों में शोक की लहर

वेलकम इंडिया महमूद रजा



नगीना अचानक तबीयत खराब होने वरिष्ठ पत्रकार अनुज शर्मा का आकस्मिक निधन हो गया उनके निधन की खबर मिलते ही पत्रकारों मैं शोक फैल गया तथा समाजसेवी, राजनैतिक लोगों का उनके पैतृक निवास पर अंतिम दर्शन के लिए तांता लग गया। स्थानीय मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी वरिष्ठ पत्रकार अनुज शर्मा अचानक एक दिन पूर्व से बीमार हो गए थे जिन्हें नगीना बिजनार व नजीबाबाद के चिकित्सकों से ईलाज कराया लेकिन मंगलवार की सुबह अचानक उपचार के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन का समाचार सुनते ही पत्रकार सन्न रह गए। उनके पार्थिक शरीर को उनके निवास अंबेडकरनगर लाया गया जहां पर उनके चाहने वालों पत्रकारों समाज सेवी व राजनीतिक लोगों का का ताता लग गया। उनके निवास पर पत्रकार धर्मेंद्र चोधरी मनोज वाल्मीकि यासीन सोनी, अफसार सिदीकी, गोरव गोयल डॉ मौजजम रियाजी जमशेद नंदकिशोर सैनी, अमान शम्सी, परवेज आदिल माही, यासिर शम्सी विकाश अग्रवाल, आदेश विश्नोई, शहराज खलील, पूर्व विधायक सतीश कुमार गौतम भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पति सौरभ मित्तल अमित गुप्ता आलोक चौधरी थाना प्रभारी तेजपाल सिंह, धर्मेन्द्र पारस, मा बृजमोहन डॉ फूल सिंह, मा मुकेश चौहान सहित दर्जनों गणमान्य लोग उनके आवास पहुंचे।

# सट्टे की लत के कारण ट्रेनों में चोरी करने वाला एक शातिर चोर गिरफ्तार


वेलकम इंडिया




पुलिस उपाधीक्षक रेलवे गाजियाबाद सुदेश कुमार के निर्देशन में थाना जीआरपी गाजियाबाद के प्रभारी निरीक्षक नवरत्न गौतम के कुशल नेतृत्व में प्लेटफार्म नंबर 5/6 से रेलवे स्टेशन गाजियाबाद से ट्रेन में चोरी करने वाला शातिर अभियुक्त हामिद पुत्र हासिम निवासी मुगल गार्डन कालोनी, मसूरी थाना मसूरी जिला गाजियाबाद उम्र करीब 38 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी किया गया पीली धातु का सामान जिसकी कीमत लगभग ढाई लाख रुपए बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि पहले वो रेड्डी लगाया करता था बाद में उसको सट्टे की लत लग गयी जिसके कारण उसने ट्रेनों में चोरी करना शुरू कर दिया अभियुक्त ने बताया कि वह ट्रेन में चढकर मौके के अनुसार यात्रियो के बैग चोरी करता और बैग में से कीमती सामान जैसे ज्वैलरी, मोबाइल फोन, नगदी आदि को निकालकर बैग को दूसरी ट्रेन में रख देता था। चोरी किये गये सामान को बेचकर लाभ कमाता था। पुलिस उपाधीक्षक सुदेश कुमार गुप्ता में कहा कि अभियुक्त की गिरफ्तारी के बाद ट्रेनों में होने वाली चोरी में निश्चित ही कमी आयेगी और आगे भी इस तरह के चोरों को पकड़ने के के लिये पुलिस की छानबीन जारी रहेगी।अभियक्त के द्वारा पूर्व में किए गये अपराध के बारे में अन्य थानों में जानकारी की जा रही है।

# नेहा की प्रेरणादायक यात्रा नित्याशाला अकादमी के साथ

वेलकम इंडिया



प्रयागराज की रहने वाली नेहा ने कथक नृत्यकला में मास्टर डिग्री हासिल की है और वे एक प्रसिद्ध नृत्य गुरु हैं। उनकी नित्याशाला अकादमी की स्थापना 2023 में की गई थी, यद्यपि वे पिछले 8 वर्षों से नृत्य सिखा रही हैं।

**नित्याशाला अकादमी: एक केंद्र नृत्य और सामाजिक सेवा का**

नित्याशाला अकादमी में शास्त्रीय नृत्य के साथ-साथ वेस्टर्न डांस भी सिखाया जाता है। नेहा अपनी अकादमी में निर्धन और गरीब बच्चों को कम शुल्क पर नृत्य सिखाने का काम करती हैं, और कुछ बच्चों को फ्री में कक्षाएं भी देती हैं। उनका उद्देश्य है कि हर बच्चा नृत्य की कला में अपना भविष्य संवार सके।

**निजी जीवन और संघर्ष:** नेहा ने अपने जीवन में एक बड़ा संघर्ष देखा जब उन्होंने अपने एक भाई निखिल कुमार को खो दिया। लेकिन उन्होंने इस दुख को अपने लक्ष्य के लिए प्रेरणा में बदल दिया और अपने काम में लगी रहीं।

**प्रेरणा का स्रोत:** नेहा की कहानी हमें प्रेरणा देती है कि जीवन में कितनी भी मुश्किलें आएं, हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमेशा प्रयासरत रह सकते हैं। उनका जज्बा और समर्पण हमें यह सिखाता है कि सच्चाई से किए गए काम से ही सफलता मिलती है।

**नित्याशाला अकादमी का भविष्य:** नेहा की नित्याशाला अकादमी आगे भी नृत्य और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अपना योगदान देती रहेगी। उनकी मेहनत और समर्पण से हम यह कह सकते हैं कि नित्याशाला अकादमी एक उज्ज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़ रही है।

# इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने फारूक मियां को रामपुर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के प्रदेश अध्यक्ष डा. मतीन खान ने फारूक मियां को रामपुर की कमान सौंपी हैं। फारूक मियां ने कहा कि वह शीघ्र ही जिला व नगर कमेटियों को गठित कर पार्टी को मजबूत बनाने का काम करेंगे।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष फारूक मियां को प्रेस को जारी बयान में कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी हैं वह उसका पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे और पार्टी को रामपुर में मजबूत बनायेंगे। उन्होने कहा कि रामपुर की अवाम को इंसाफ दिलाने के लिए वह हमेशा तैयार रहते हैं पिछले कुछ समय से सक्रिय राजनीति से दूर हो गये थे लेकिन एक बार फिर से पार्टी ने उन्हे जिम्मेदारी सौंपी हैं जिसको निभाने का वक्त आ गया हैं। उन्होने कहा कि रामपुर की अवाम की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर जिला प्रशासन व सरकार तक पहुंचाने का काम किया जायेगा। मुस्लिम लीग को गांव-गांव व मौहल्ले-मौहल्ले तक पहुंचाकर संगठन को मजबूत किया जायेगा ताकि लोग पार्टी से जुड़कर उसकी नीतियों को पहचान सकें। उन्होने कहा कि पार्टी हाईकमान ने उनपर विश्वास जताकर रामपुर की कमान सौंपी हैं। रामपुर की अवाम को साथ लेकर हर समस्या को उठाने का प्रयास किया जायेगा।

# आर टी आई में सूचना ना देना अब पड़ेगा भारी, तहसीलदार और हल्का पटवारी के विरुद्ध राजा भईया ने थाने में दर्ज कराया परिवाद



राजेन्द्र सिंह तोमर

(सवाई माधोपुर) जिले में तैनात सवाई माधोपुर की तहसीलदार एवं लोकसूचना अधिकारी तथा हल्का पटवारी आटून कलां को अपने लोकसेवक होने के कर्तव्यों की पालना ना करना और समयनुसार शुल्क वसूलने के बाद भी आर टी आई में मांगी गई सूचनाऐं ना देना अब भारी पड़ेगा हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख और दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने आज इस बाबत जिले की पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारी मान टाऊन को लिखित शिकायते पेश कर उपरोक्त अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है, बकौल राजा भईया ने बताया कि उन्होंने इसी वर्ष तीन फरवरी को एक आरटीआई आवेदन निर्धारित शुल्क सहित जिले के एडीएम को डॉक से भेज कर जनहित में कुछ सूचनाऐं मांगी थी, उनका यह आवेदन तहसीलदार सवाई माधोपुर से सम्बंधित होने के कारण एडीएम ने उन्हें दस फरवरी को ट्रान्सफर कर सभी सूचनाऐं आवेदक को सीधे देने के निर्देश दिए थे, जिसकी एक प्रति आवेदक को भी भेजी थी,नियम अनुसार तीस दिनों की अवधि में उन्हें सभी सूचनाऐं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी उपरोक्त तहसीलदार/सम्बंधित लोक सूचना अधिकारी की थी परन्तु उन्होंने जान बुझ कर आरटीआई आवेदन को अपने कार्यालय में दबाए रखा, दो माह इंतजार करने के बाद आवेदक ने स्वयं तहसीलदार महोदया से उनके कार्यालय जा कर सम्पर्क किया तो उन्होंने अपनी गलती स्वीकार करते हुये तत्काल सभी सूचनाऐं उनके कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु एक पत्र हल्का पटवारी आटून कलां को सोलह अप्रैल को भेजते हुए एक प्रति आवेदक को भी प्रदान कर मौखिक आश्वासन दिया कि आगामी एक सप्ताह में उन्हें सभी सूचनाऐं उपलब्ध करा दी जाएगी। परन्तु अब चार महीने बीत जाने के बाद भी उन्हें कैसी भी कोई सूचना नहीं दी गई जिस पर राजा भईया ने एडीएम सवाई माधोपुर/प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष प्रथम अपील दायर की और साथ ही इस पूरे प्रकरण में जान बुझ कर शुल्क वसूलने के बाद भी उन्हें सूचनाऐं ना देने पर उपरोक्त अधिकारियों के विरुद्ध अलग से आवेदक के साथ धोखा धडी करने आपराधिक विश्वास घात करने तथा एक लोकसेवक के द्वारा नियम एवं कानून अनुसार अपने कर्तव्यों की समयनुसार पालना ना करने पर जिले के एस पी एवं थाना प्रभारी थाना मान टाऊन को लिखित परिवाद पेश कर एफआईआर दर्ज कर इनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है ज्ञात रहे कि मामला अति गम्भीर प्रवृति का होने के साथ साथ ग्राम पच्चीपुला जिला सवाई माधोपुर में सरकारी जमीन पर बने एस सी, एस टी समुदाय के परिवारों को एलॉट किए क्वार्टरों को तहस नहस कर वहां दबगों द्वारा संबंधित सरकारी कर्मचारियों की मिली भगत से निजी मकान बनाने तथा नियम विरुद्ध अवैध निर्माण करने से जुड़ा है शायद इसीलिए आवेदक राजा भईया को अभि तक जान बूझ कर मांगी गई सूचनाऐं नहीं दी जा रही है, आगे अब ऊंट किस करबट बैठता है और किस पर क्या करवाई होती है ये तो आने वाला बख्त ही बताएगा लेकिन इस मामले से ये तो स्पष्ट होता है कि उपरोक्त तहसीलदार और हल्का पटवारी आटून कलां को ना तो कानून का डर है और ना ही नियमों की परवाह है।

# कार्ल मार्क्स ने एक बार प्रसिद्ध रूप से कहा था की धर्म जनता की अफीम हैं

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** फरहत अली खां ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि कार्ल मार्क्स ने एक बार प्रसिद्ध रूप से कहा था कि धर्म जनता की अफीम हैं। एक मुहावरा जो धर्म की तुलना एक नशे से करता हैं और रूपक रूप से समझाता हैं कि धर्म कैसे नशे की लत और हानिकारक हो सकता हैं। यह मुहावरा वक्फ संशोधन विधेयक के ईद-गिर्द मौजूदा कथानक के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं। इस तथ्य को देखते हुए कुछ समूह इसे इस्लामी संस्थाओं पर सीधे हमले के रूप में पेश करने का प्रयास कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह हैं कि संशोधनों का गहन विश्लेषण बताता हैं कि इन परिवर्तनों का उद्देश्य किसी धार्मिक समुदाय को लक्षित करना नहीं बल्कि वक्फ बोर्डो के भीतर जवाबदेही को सुव्यवस्थित और सुनिश्चित करना हैं। चूंकि धर्म अक्सर मुद्दे की योग्यता की जांच किये बिना लोगों के बीच भावनाओं को सामने लाता हैं इसलिए यह स्पष्ट करना महत्वपूर्ण हैं कि वक्फ संशोधन एक धार्मिक संघर्ष नहीं हैं।

# जे.एम.एस.आई.टी. गाज़ियाबाद में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का भव्य शुभारंभ

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़ गाज़ियाबाद स्थित जे.एम.एस. इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (खटरकळ) ने क्रोमा कैंपस के सहयोग से तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए अपने परिसर में ₹आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस₹ की स्थापना की है। यह केंद्र छात्रों को भविष्य की तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक), मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सिक्योरिटी और क्लाउड कंप्यूटिंग में व्यावहारिक एवं उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण प्रदान करेगा।इस सेंटर के शुभारंभ के साथ ही खटरकळ ने अपने इइअ एडवांस, इउअ एडवांस और इ.व्र्यू एडवांस कार्यक्रमों की शुरूआत की है, जो छात्रों को वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस अत्याधुनिक प्रयोगशाला को नवीनतम टेक्नोलॉजी से युक्त उपकरणों और संसाधनों से सुसज्जित किया गया है, जहाँ छात्रों को लाइव प्रोजेक्ट्स, इंटर्नशिप, केस स्टडीज और इंडस्ट्री-एक्सपर्ट्स के साथ वर्कशॉप्स के माध्यम से गहन व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। क्रोमा कैंपस के निदेशक श्री पवन दीक्षित ने इस अवसर पर कहा इस केंद्र के माध्यम से गाज़ियाबाद जैसे विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्र के छात्रों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जाएगा। यह न केवल विद्यार्थियों को बल्कि पूरे क्षेत्र को विकास की नई दिशा देगा।ह्वखटरकळ के महा सचिव डॉ० हिमांशु सिंहल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा अक वह शक्ति है जो मशीनों को मानवीय बुद्धि की तरह सोचने, निर्णय लेने और समस्याओं को सुलझाने में सक्षम बनाती है। यह सरल कार्यों से लेकर स्वचालित वाहनों तक, आज हर क्षेत्र में क्रांति ला रही है। इस केंद्र के माध्यम से हमारे छात्र न केवल रोजगार प्राप्त करेंगे, बल्कि नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में भी देश का नाम रोशन करेंगे।संस्थान के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) प्रवीण गुप्ता ने इसे खटरकळ के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बताते हुए कहा झ ह्वयह सिर्फ एक शुरूआत है, आने वाले समय में हम छात्रों को तकनीकी रूप से इतना दक्ष बनाएंगे कि वे किसी भी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय प्लेटफॉर्म पर आत्मविश्वास के साथ खड़े हो सकें।संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) अनिरुद्ध विश्वास ने कहा खटरकळ सदैव अपने छात्रों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से अग्रसर रहता है। यह सेंटर इसी विजन की एक मजबूत कड़ी है।इस परियोजना के सफल संचालन में डॉ० हिमांशु सिंहल (महा सचिव), (डॉ.) प्रवीण गुप्ता (प्राचार्य), मिस तन्वी गौर (प्रमुख झ ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट) ने अत्यंत सक्रिय और प्रेरक भूमिका निभाई। साथ ही, क्रोमा कैंपस की ओर से श्री भवतोष शिशोदिया, श्री कृष्णा एवं श्री गौरव (ट्रेनर) उपस्थित रहे। संस्थान की ओर से श्रीमती अंकिता चौधरी (एडमिशन प्रमुख), श्री शिव शंकर पचौरी (एडमिशन प्रमुख), डॉ० गौरव शर्मा (कैंपस मैनेजर) समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने।यह साझेदारी न केवल खटरकळ के छात्रों को ग्लोबल जॉब मार्केट में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगी, बल्कि गाज़ियाबाद जैसे औद्योगिक नगर को भी अत्याधुनिक तकनीकी मानव संसाधन प्रदान कर राष्ट्रीय विकास को गति देगी।

# गरीबों के मसीहा थाना प्रभारी के द्वारा थाना हापुड़ देहात का पद ग्रहण भार करने पर व्यापारियों ने पटका पहनाकर बुके भेंट कर किया जोरदार स्वागत

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़/हापुड़ जनपद में बाबूगढ़ थाने का चार्ज चलाने के दौरान थाना प्रभारी विजय गुप्ता के द्वारा सड़क हादसों में पीड़ितों की मदद, थाने पर आने वाले पीड़ितों को तत्काल न्याय देने एवं सामाजिक श्रद्धा भाव के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के चलते हापुड़ पुलिस में अपना मुकाम बनाने वाले थाना प्रभारी विजय गुप्ता को बाबूगढ़ थाने से ट्रांसफर करके थाना हापुड़ देहात का प्रभारी नियुक्त किए जाने पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के पद अधिकारियों ने थाना प्रभारी विजय गुप्ता को पटका पहनाकर बुके भेंट कर किया जोरदार स्वागत। थाना प्रभारी विजय गुप्ता के द्वारा व्यापार मंडल के सभी पद अधिकारियों को आश्वासन दिया कि व्यापारियों की समस्याओं को निष्पक्ष रूप से शीघ्र निपटाया जाएगा। वही इस अवसर पर मंडल के जिला अध्यक्ष संजय कुमार के द्वारा गढ़ रोड स्थित नवीन मंडी में असामाजिक तत्वों पर रोक लगाने को लेकर मांग की गई। जिसको लेकर नवनियुक्त थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर स्वागत करने वालों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल की ओर से अमित गोयल (वरिष्ठ जिलाउपाध्यक्ष) दीपक बंसल जिला महामंत्री, मोहित अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष, गौरव गोयल नगर अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# महिला आयोग सदस्य द्वारा कैंप का आयोजन



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर :** राज्य महिला आयोग संगीता जैन द्वारा ग्राम पंचायत सीकरी बढ़ापुर एवम् गाजीपुर विकास खंड किरतपुर जनपद बिजनौर में एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया। योजना के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय के पात्र लाभार्थियों को आवेदन प्राप्त करते हुए ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एवं ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत के व्यक्तियो की समस्या का निस्तारण करते हुए।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक व्यक्ति निर्माण कार्य में लगा है: मुकुल कानिटकर

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा/फरह।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व्यक्ति निर्माण का कार्य करने के संकल्प की पूर्ति में लगा हुआ है। यही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना का उद्देश्य था। 1925 में प्रथम विश्व युद्ध के तुरंत बाद हमने अंग्रेजो से पूर्ण स्वराज्य मांगा था। डॉ० हेडगेवार उस समय दोनों प्रकार के आंदोलनों में संलग्न थे। डॉ० साहब का संकल्प था कि स्वतन्त्र भारत विश्व का सशक्त भारत भी हो।

यह विचार कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय विमर्श संयोजक मुकुल कानिटकर ने दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र दीनदयाल गऊ ग्राम परखम में मंगलवार को आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम (सामान्य) वर्ग के समापन समारोह में व्यक्त किए। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि एक समरस समाज, एक भेदभाव रहित समाज सभी भारत माता के सपूत बनकर इस देश मे रहें ऐसा मंत्र ही हमने दिया है। हजारों वर्ष के संघर्ष के कारण भारत का हिन्दू समाज अपने अस्तित्व को भूल गया। हमारे ऋषियों ने सम्पूर्ण विश्व की समृद्धि का संदेश दिया। प्रत्येक के अंदर ईश्वर है तो यही समाजिक समरसता है। आत्मीयता प्रत्येक के अंदर आत्मीयता हो यही कुटुंब प्रबोधन है। हिन्दू कहता है सर्वे भवन्तु सुखनः अर्थात सारी सृष्टि सुखी हो। यह राष्ट्र जो पृथ्वी को अपनी माँ मानता है और सुबह उठकर सबसे पहले पृथ्वी को प्रणाम कर अपनी दिनचर्या का प्रारम्भ करता है। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रोफेसर निर्मल चन्द्र प्रजापति कुलपति के०एम० विश्वविद्यालय ने कहा आजकी भौतिकता की पागलपन जैसी दौड़ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धरातल से जुड़कर देश और समाज के युवाओं को राष्ट्र भक्ति के पथ पर आगे बढ़ा रहा है। यह आजकी भौतिक दुनिया मे बड़ा प्रशंसनीय कार्य है, इससे समाज व देश का हित होता है। मंचासीन वर्ग सर्वाधिकारी शशांक भाटिया, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ० निर्मल चन्द्र प्रजापति, मुख्य वक्ता अखिल भारतीय विमर्श संयोजक मुकुल कानिटकर एवं जिला संघ चालक दास बिहारी रहे। वर्ग व्यवस्था प्रमुख शिवकुमार ने धन्यवाद ज्ञापन एवं वर्ग प्रत्यावेदन वर्ग कार्यवाह नरेश ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवक शिक्षार्थियों ने घोष की धुन के साथ तिष्ठ योग किया।

बारिश होने के कारण कार्यक्रम खुले मैदान में न होकर हॉल में हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय अधिकारी सुरेश, क्षेत्र प्रचारक महेंद्र शर्मा, क्षेत्र कार्यवाह डॉ० प्रमोद शर्मा, वर्ग पालक धनीराम, प्रान्त प्रचार प्रमुख कीर्ति कुमार, सह प्रान्त प्रचारक विनोद, क्षेत्र व्यवस्था प्रमुख ललित, विभाग प्रचारक अरुण पांचजन्य, डॉ० संजय अग्रवाल, नरेंद्र पाठक, जगमोहन पाठक आदि दायित्ववान अधिकारी और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# विकास कुमार का उत्तर प्रदेश पुलिस में हुआ चयन परिवार में खुशी का माहौल

**वेलकम इंडिया**



ऊंचागांव क्षेत्र के गांव गजरौला में एक गरीब परिवार से संबंध रखने वाला विकास कुमार का उत्तर प्रदेश पुलिस में चयन हुआ विकास कुमार एक गरीब परिवार का हिस्सा है जिसने अपनी मेहनत और लगन को ध्यान में रखते हुए कभी हार नहीं मानी जीवन में काफी सारे उतार-चढ़ाव देखने को मिले लेकिन विकास ने कभी हिम्मत नहीं हारी और 60244 पदों में अपना नाम सम्मिलित कर दिया विकास कुमार ने उत्तर प्रदेश पुलिस में चयन कर अपने गांव का नाम रोशन किया विकास ने अपने भाई के साथ मेहनत और मजदूरी कर अपने परिवार का भी पालन पोषण किया और खुद की पढ़ाई को भी नहीं रुकने दिया और लगातार मेहनत करता रहा कहते हैं कि मेहनत एक दिन रंग लाती है ऐसा ही कुछ इस गरीब परिवार से संबंध रखने वाले विकास कुमार ने कर दिखाया और युवाओं को एक संदेश दिया कि अगर हौंसले बुलन्द हो तो मंजिल भी आसान होती है पिता का साया सिर से उठने के बाद बड़े भाई देवेन्द्र सिंह ने अपने दोनों छोटे भाईयों की पढ़ाई लिखाई को जारी रखा और विकट परिस्थिति में भी अपने छोटे भाईयों का साथ नहीं छोड़ा विकास कुमार ने कहा कि मेरे गांव के जितने भी युवा हैं उनको अपनी मंजिल को चुनकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

# यूपी रोडवेज ने दिया छात्रों को बड़ा तोहफा, बनेंगे स्मार्ट एमएसटी कार्ड

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** रोडवेज बसों में अब स्मार्ट एमएसटी कार्ड बनेंगे। इससे यात्रियों, खासतौर पर छात्र-छात्राओं का सफर आसान हो सकेगा। वह आसानी से कार्ड रिचार्ज कर कम दामों में यात्रा कर सकेंगे। रोडवेज के अधिकारियों ने बताया कि जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर के दायरे में छात्रों को इस छूट का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि छात्र से एमएसटी पर 25 यात्राओं का किराया लिया जाएगा। महीने में सिर्फ 60 यात्राओं की ही अनुमति होगी। छात्र पहचान पत्र साथ में रखना अनिवार्य होगा। नए बस स्टेशन इंचार्ज राजेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि एमएसटी बनवाने पर 300 रुपये जमा कराने होंगे। एमएसटी से छात्रों को सामान्य यात्राओं की तुलना में करीब 40 फीसदी तक की बचत होगी। इसको किसी भी बस स्टेशन से रिचार्ज करवाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय तक प्रतिदिन पढ़ने आने वाले छात्रों को किराए में काफी राहत मिलेगी। अब तक 35 छात्रों ने आवेदन किए हैं। एमएसटी जारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को दो पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड, हाईस्कूल की मार्कशीट और स्कूल कॉलेज द्वारा प्रमाणित परिचय पत्र जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले में 160 बसों का संचालन अलग-अलग रूटों पर हो रहा है, जिनमें रोजाना छात्र व यात्री यात्रा करते हैं। एआरएम मदन मोहन शर्मा ने बताया कि छात्रों के लिए विशेष छूट दी गई है।

# टाण्डा में बिजली संकट: व्यापारियों ने उठाई निर्बाध बिजली की मांग



**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा जिला रामपुर।** भीषण गर्मी में टाण्डा की खराब बिजली व्यवस्था ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। दिन-रात कई घंटों की बिजली कटौती और बार-बार ट्रिपिंग ने नगरवासियों को परेशान कर रखा है। मंगलवार को नाराज व्यापारियों ने नगर अध्यक्ष हाजी शकील की अगुवाई में उपजिलाधिकारी कुमार गौरव को ज्ञापन सौंपकर तहसील मुख्यालय के हिसाब से निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग की। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नेताओं ने एसडीएम को बताया कि बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। छोटे-मोटे फॉल्ट के नाम पर घंटों बिजली गुल रहती है, जिससे गर्मी में लोग बेहाल हैं। व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी से तत्काल बिजली व्यवस्था सुधारने की गुहार लगाई, ताकि नगर को तहसील मुख्यालय के अनुरूप बेहतर बिजली मिल सके। इस मौके पर हाजी शकील, अब्दुल समद, हाजी मुशर्रफ अली, अब्दुल रशीद, सलीम कसगर, विनोद कुमार वर्मा, हाजी अब्दुल वहाब आदि मौजूद रहे।

# बुलंदशहर में 1232 नए सिपाहियों की ट्रेनिंग शुरू:पुलिस लाइन में जेटीसी ट्रेनिंग के लिए पहुंचे, अधिकारियों ने किया स्वागत



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर में आरक्षी सीधी भर्ती-2023 के तहत चयनित 1232 नए सिपाहियों की ट्रेनिंग शुरू हो गई है। सभी चयनित अभ्यर्थी रिजर्व पुलिस लाइन बुलंदशहर पहुंच गए हैं पुलिस अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर सभी नए सिपाहियों का स्वागत किया। इस दौरान अधिकारियों ने सभी को सफलता की शुभकामनाएं दीं। साथ ही पुलिस विभाग में काम करने के दौरान क्या करना है और क्या नहीं, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। सभी को खाना खिलाया गया इसके बाद सभी को भोजन कराया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, सहायक पुलिस अधीक्षक नगर ऋजुल, क्षेत्राधिकारी कार्यालय मधूप कुमार सिंह और प्रतिसार निरीक्षक अजय श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय विधायक ने गढ़मुक्तेश्वर रेलवे स्टेशन पर चार एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को लेकर रेल मंडल प्रबंधक को लिखा पत्र

**वेलकम इंडिय राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**




हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/जनपद की तीर्थ नगरी गढ़मुक्तेश्वर ब्रजघाट में दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु यात्रियों का बहुत भारी संख्या में आवागमन होता है। जिसके चलते यात्रियों की परेशानी को लेकर पूर्व में भी सांसद के द्वारा एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को लेकर आवाज उठाई गई थी। इसी के मद्देनजर गढ़मुक्तेश्वर विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया के द्वारा यात्रियों के आवागमन एवं यात्रा को सफल सुगम बनाने को लेकर तीर्थ नगरी

गढ़मुक्तेश्वर में चार एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग करते हुए।मण्डल रेल प्रबन्धक को विधायक ने पत्र लिा है।आपको बता दें कि गढ़मुक्तेश्वर में प्रमुख ट्रेनों का ठहराव नहीं होने से यात्री परेशान रहते हैं। विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया के द्वारा रेलवे को लिखे गए पत्र में तीर्थ नगरी के महत्वपूर्णता का भी उल्लेख किया गया है।

# नगला अलगर्जी गांव में खाकी को धारण करने वाले यूपी पुलिस में चयनित जाटव समाज के पांच युवाओं और चार बेटियों का हुआ सम्मान

**वेलकम इंडिया**



**हाथरस।** (जितेन्द्र कुमार) थाना हाथरस गेट क्षेत्र के गाँव नगला अलगर्जी के निवासी पांच युवाओं और चार बेटियों का यूपी पुलिस में चयनित होने पर उनका सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान गाँव के लोगों में उत्साह दिखाई दिया। पुलिस में चयनित बेटियों में शिल्पी, रोशनी, रेशम, सुजाता और युवाओं में हृदेश प्रताप सिंह, अभिकेश कुमार, प्रदीप कुमार, विशाल, राजा बाबू और अनुज को माला और पगड़ी पहनाई गई, सावित्री बाई फुले का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया और खाकी के फर्ज के बारे में बताया गया। देश सेवा के जज्बे को समर्पित इस कार्यक्रम में मौजूद हर कोई ग्राम वासी गौरवांवित दिखाई दे रहा था। चयनित सभी बच्चों का ढोल नगाड़े के साथ गाँव में भ्रमण किया। यह आयोजन गाँव की भीम बगीची पर किया गया। आपको बता दें कि यूपी पुलिस में गाँव नगला अलगर्जी के 9 में शामिल युवाओं और बेटियों ने पुलिस भर्ती परीक्षा पास कर पूरे क्षेत्र का सम्मान बढ़ाया है। इन छात्रों के सम्मान में गाँव के ग्रामवासी सभासद पति चौधरी राघवेंद्र सिंह, संजय खां, चिरंजीलाल, नरायन सिंह, दिनेश चंद, प्रेमपाल सिंह, हाकिम सिंह, डॉ हर प्रसाद, दिनेश चौधरी, रमेश चन्द्र, सतीश चंद्र डीलर सहित आदि के द्वारा गाँव में सम्मान समारोह आयोजित कर सभी युवाओं और बेटियों को सम्मानित किया। इस मौके चौधरी राघवेंद्र सिंह ने कहा कि प्रतिभा कभी संसाधनों का मोहताज नहीं होती है। कठिन परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम हमेशा सुखद ही होता है। इन प्रचलित कहावतों को सही साबित करते हुए गाँव के 9 नौजवानों ने एक साथ उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में अपनी प्रतिभा का डंका बजाते हुए सफलता हासिल की है। संजय ने कहा कि युवाओं की कड़ी मेहनत के चलते आज सभी का सम्मान हो रहा है। नियमित व्यायाम के साथ पठन पाठन भी जरूरी है। उन्होंने सफल सभी युवाओं को शुभकामनाएं भी दी। बसपा नेता महीपाल ने कहा कि हमारे इलाके के युवाओं के मेहनत के चलते पूरा क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

# डीआईजी कला निधि नैथानी के द्वारा प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण के लिए की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया




**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़/ पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र, मेरठ कल निधि नैथानी के द्वारा पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के साथ उ0प्र0 पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती-2023 में चयनित अभ्यार्थियों के प्रशिक्षण हेतु थाना पिलखुवा क्षेत्रान्तर्गत प्रशिक्षण केंन्द्र का भ्रमण कर प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण के लिए की गयी व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया लेकर सम्बन्धित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

# एनसीआरटीसी को सार्वजनिक और शहरी परिवहन रणनीति श्रेणी में मिला जर्मनी में आयोजित प्रतिष्ठित यूआईटीपी अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**




राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) को जर्मनी के हैम्बर्ग में आयोजित यूआईटीपी (इंटरनेशनल असोसिएशन ऑफ पब्लिक ट्रांसपोर्ट) ग्लोबल पब्लिक ट्रांसपोर्ट समिट 2025 में दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के लिए सार्वजनिक और शहरी परिवहन रणनीति श्रेणी के तहत प्रतिष्ठित यूआईटीपी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सतत, यात्री-केंद्रित परिवहन समाधान के माध्यम से क्षेत्रीय गतिशीलता को बढ़ाने की दिशा में किए जा रहे एनसीआरटीसी के प्रयासों को दशार्ता है। साथ ही, यह इस कॉरिडोर के लिए अपनाई गई उस रणनीति को भी मान्यता प्रदान करता है जिसके माध्यम से उच्च गति की विश्वसनीय और समावेशी पारगमन प्रणाली द्वारा अर्बन मोबिलिटी से जुड़ी चुनौतियों का समाधान प्रदान करने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। यह अनुमानित है कि 2030 तक दिल्ली विश्व का सबसे अधिक आबादी वाला शहर बन जाएगा। ऐसे में, भारत की प्रथम रीजनल रेल, नमो भारत, एनसीआर में सड़कों पर भीड़भाड़ और वायु प्रदूषण को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस कॉरिडोर का उद्देश्य इस क्षेत्र में एक तेज, आधुनिक और कुशल परिवहन विकल्प प्रदान करना है ताकि निजी वाहनों पर निर्भरता को कम किया जा सके। इसका उद्देश्य बेहतर पहुँच के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाना, आर्थिक और सामाजिक अवसरों तक पहुँच के मुद्दों को संबोधित करना और एनसीआर के संतुलित और सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। 180 किमी प्रति घंटे की डिजाइन गति और 160 किमी प्रति घंटे की अधिकतम परिचालन गति वाली ट्रेनों के साथ, नमो भारत परियोजना में कई उन्नत तकनीकों को शामिल किया गया है। इसमें से कुछ तकनीकें ऐसी हैं जिन्हें विश्व में पहली बार इस परियोजना में प्रयोग किया जा रहा है, जैसे एलटीई बैकबोन पर ईटीसीएस लेवल 3 सिग्नलिंग। इस प्रणाली के परिचालन में समावेशिता पर विशेष जोर दिया गया है। ट्रेनों के संचालन और प्रबंधन (ओ एंड एम) में लगभग 40% से अधिक महिलाएँ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। साथ ही, परियोजना के बुनियादी ढाँचे को भी जेंडर-सेंसटिव बनाया गया है ताकि यह बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों सहित सभी यात्रियों के लिए सुलभ हो सके। पर्यावरणीय सततता के क्षेत्र में भी एनसीआरटीसी द्वारा कई पहल की गई है, जैसे 70% ट्रैक्शन ऊर्जा को नवीकरणीय स्त्रोतों से प्राप्त करना, रीजनरेटिव ब्रेकिंग, सभी स्टेशनों, डिपो, कॉर्पोरेट इमारतों और उप-प्रणालियों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करना और कॉरिडोर के साथ-साथ एक प्रभावी रेन वॉटर हार्वेस्टिंग नेटवर्क स्थापित करना। यह एक भविष्योन्मुख एवं सतत सार्वजनिक परिवहन प्रणाली स्थापित करने के प्रति एनसीआरटीसी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। नमो भारत ट्रेनों के परिचालन के साथ ही कॉरिडोर के अलाइनमेंट के पास रियल स्टेट में एक महत्वपूर्ण वृद्धि भी देखी गई है।

इसका श्रेय अपनी तरह की पहली ट्रांज़िट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) पहल को दिया जा सकता है जिसके अंतर्गत व्यापक टीओडी फ्रेमवर्क के एक हिस्से के रूप में, टीओडी क्षेत्रों को शहरी विकास मास्टरप्लान में शामिल किया गया है। वर्तमान में, 82 किमी लंबे कॉरिडोर का, न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ के बीच 55 किमी का सेक्शन, 11 स्टेशनों के साथ जनता के लिए परिचालित है।

# गोरक्षक दल द्वारा बुलाई गई महापंचायत विभिन्न हिंदू नेताओं लिया हिस्सा

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा/गोवर्धन।** मंगलवार को आयोजित महापंचायत में उपस्थित संतों और वक्ताओं ने केंद्र सरकार से मांग की कि पूरे देश में गोहत्या पूर्ण रूप से प्रतिबंधित हो सके। ब्रजभूमि में किसी भी जीव हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध हो। संत गोपेश कृष्ण दास ने कहा गोवध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ब्रजभूमि में किसी भी जीव हत्या पर रोक लगानी होगी। मान मंदिर के सुनील सिंह ने कहाकि समय आ गया है कि सरकार ठोस कदम उठाए और दोषियों को जेल भेजे। श्याम सुंदर उपाध्याय ने कहा, ब्रजभूमि में यदि किसी भी तरह की जीव हत्या पर प्रतिबंध नहीं लगा तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। गोरक्षक दल के धीरज कौशिक ने कहा कि पुलिस को चाहिए जीव हत्या करने वालों के खिलाफ कठोर धाराएं लगाई जाएं। इस मौके पर दीनबंधु दास, गोपेश्वर नाथ चतुवेर्दी, नोएडा से राष्ट्रीय हनुमान दल के अध्यक्ष रोहित, हनुमान दल के नीरज सोलंकी, केशव मुखिया, वृंदावन से आए अतुल कृष्ण शास्त्री, धीरेन्द्र शास्त्री के शिष्य रोहित रिछारिया, जितेंद्र रावत, सखी बाबा, श्याम सुंदर उपाध्याय, धीरज कौशिक, नेत्रराज सिंह नीटू, करणी सेना के ठाकुर फतेह सिंह, श्रेयस गुजराती, हेमंत शर्मा, सौरभ लंबरदार खेड़ा, ज्ञानेंद्र सिंह राणा, पवन दुबे, सियाराम शर्मा, गोलू, छाया गौतम, दीपक तिवारी, कपिल सेठ आदि तमाम गोरक्षक और हिंदूवादी नेता मौजूद थे।

# यमुनापार पुलिस ने 22 साल से फरार आरोपी को ढाबे से किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** 24 साल की उम्र में अपराध में नाम आया, 22 साल तक फरार रहा और अब 46 साल की उम्र में पुलिस ने गिरफ्तार किया है, थाना जमुनापार एवं स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही में गिरफ्तार 15 हजार रुपए का इनामी अपराधी 22 वर्षों से फरार था, थाना जमुनापार पुलिस एवं स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही में आरोपी रामेश्वर पुत्र हरदेव निवासी फतेहगढ़ थाना बसौली जिला बूंदी राजस्थान (उम्र करीब 46 वर्ष) को मुखबिर की सूचना के आधार पर आकाश ढाबा, सुखदेवपुर थाना जमुनापार से गिरफ्तार किया है। आठ जून 2003 को थानाध्यक्ष जमुनापार ने अजब सिंह द्वारा धारा 420, 406, 413, 414, 379, 411 आईपीसी में एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें धोखाधडी व चोरी से काला तेल निकालकर व्यापार करने व मौके पर माल बरामद होने के सम्बन्ध में पंजीकृत कराया गया था, जिसके बाद विवेचना पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर लक्ष्मण आदि सहित छह के विरूद्ध 20 जून 2003 को आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया तथा शेष वांछित अभियुक्त रामेश्वर पुत्र हरदेव निवासी फतेहगढ थाना बसौली जिला बूंदी राजस्थान के विरुद्ध फारारी में आरोप पत्र 13 अक्टूबर 2003 को न्यायालय प्रेषित किया गया था।

# मंडलायुक्त व डीआईजी ने आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु तैयारियो के संबंध में की बैठक

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** मंगलवार को आयुक्त सभागार में आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ हृषिकेश भास्कर यशोद एवं डीआईजी कलानिधि नैथानी की उपस्थिति में आगामी श्रावण शिवरात्रि/कावंड यात्रा-2025 को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु तैयारियो के संबंध में बैठक आहूत की गई। बैठक में मंडल के समस्त जनपदो के जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कांवड यात्रा की व्यवस्था का विवरण प्रस्तुत किया गया। आयुक्त महोदय ने समस्त कांवड मार्गो व मंदिरो के आसपास साफ-सफाई, पथ प्रकाश, झांडियो की छंटाई, संवेदनशील स्थानो पर कैमरो की व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा, सडक मरम्मत तथा कांवड के दौरान सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहो पर निगरानी रखने, बाईक एम्बुलेन्स की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि डीजे कांवड में डीजे की ऊंचाई मानक के अनुरूप हो तथा डीजे में आपत्तिजनक गाने न बजाये जाये। उन्होने सभी अधिकारियो को कम्यूनिकेशन प्लान साझा करने तथा रूट डायवर्जन की जानकारी विभिन्न माध्यमो से आमजन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी मेरठ डा0 वी0के0 सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ विपिन ताडा, सीडीओ मेरठ नूपुर गोयल, उपाध्यक्ष मेडा संजय कुमार मीणा, नगर आयुक्त मेरठ सौरभ गंगवार, मेरठ कैंट बोर्ड सीईओ जाकिर हुसैन, संयुक्त विकास आयुक्त बलिराम अपर आयुक्त प्रमोद कुमार सहित अन्य जनपदो के जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे।



# दुधारा से जातेडीहा भरवलिया बूधन मार्ग कीचड़ से लबरेज, राहगीरों की बढ़ी मुसीबत

**वेलकम इंडिया**



**संत कबीर नगर।** विकास खंड सेमरियावा क्षेत्र के गांव जातेडिहा दुबौलिया, भरवलिया बूधन आदि गांवों को बीएमसीटी बस्ती-मेहदावल मार्ग से जोड़ने वाला दुधारा से भरवलिया बूधन संपर्क मार्ग पर चलना मुहाल हो गया है। कीचड़ से युक्त इस सड़क से गुजरना टेढ़ी खीर होता जा रहा है। सेमरियावा ब्लाक क्षेत्र के जातेडिहा दुबौलिया, भरवलिया बूधन आदि गांवों को बीएमसीटी बस्ती- मेहदावल मार्ग से जोड़ने वाला दुधारा से भरवलिया बूधन संपर्क मार्ग पहली ही बरसात में बदहाली का शिकार हो गया है।

जातेडिहा निवासी महबूब आलम, नसीमुद्दीन, सईद अहमद, नजीर अहमद आदि ने बताया कि रोड के दोनों तरफ से मिट्टी खोदकर सड़क पर डाल दी गई है लेकिन निर्माण कार्य शुरू तक नहीं कराया गया जिसके कारण सड़क पर कीचड़ हो गया है जिस पर चलना मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग किये हैं।

# रेलवे स्टेशन पर भीख मांगने वाले के बैग में मिले,पैसे फटी रह गई आंखें

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** रेलवे जंक्शन पर सोमवार को प्लेटफार्म नंबर 8 पर मृत मिले भिखारी के पास से 91 हजार रुपये बरामद हुए। जीआरपी ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। साथ ही शव की पहचान के लिए आसपास के जिलों के थानों में फोटो भेजे हैं।

जंक्शन पर संचालित स्टाल के संचालकों ने बताया कि उक्त व्यक्ति प्रतिदिन यात्रियों से रुपये मांगकर गुजारा करता था लेकिन सोमवार को अचानक उसकी मौत हो गई। इस भिखारी के पास से काफी नोट मिले हैं। उप निरीक्षक शिवपाल सिंह मौके पर पहुंचे और मृतक के सामान की तलाशी ली तो सभी दंग रह गए। सामान से मिली एक पुरानी थैली से नोटों के बंडल और सिक्के मिले, जिन्हें जीआरपी के सिपाहियों ने गिना तो 91070 हजार रुपये थे। उन्होंने बताया कि विड्रोल पर्ची के आधार पर वृंदावन की पंजाब नेशनल बैंक से मृतक के घर के बारे में पता किया तो खाते पर पानीघाट दुर्गानगर का पता निकला। सिपाहियों ने पानीघाट पहुंचकर मृतक का फोटो दिखाकर शव की पहचान के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक यादराम सिंह ने बताया कि शव की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ हत्या के प्रयास के मुकदमे में एक अभियुक्त गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**हसायन।** अवगत कराना है कि दिनाँक 16 जून को विवेक पुत्र रामवीर निवासी खेडिया कला थाना हसायन जनपद हाथरस द्वारा थाना हसायन पर सूचना दी गयी कि अभियुक्तगण द्वारा वादी अपने परिवार के साथ अपने खेत पर काम कर रहा था इसी दौरान अभियुक्तगण द्वारा गाली गलौज करते हुए मारपीट की व जान से मारने की नियत से तमंचा से फायर किया । जिसके सम्बन्ध में वादी की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हसायन पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया । पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा उक्त घटना को गंम्भीरता से लेते हुए अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना हसायन को निर्देशित किया गया । जिसके क्रम में थाना हसायन पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए हत्या के प्रयास से सम्बन्धित अभियोग में एक अभियुक्त राहुल को गिरफ्तार किया गया है । जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा व एक खोखा कारतूस बरामद हुए है । पुलिस ने अभियुक्त राहुल पुत्र गिरीश कुमार निवासी गांव खेडिया कलां थाना हसायन को जेल भेजा है।

# एमआईईटी ने किया इंडो-आइसलैंडिक बिजनेस एसोसियेशन के साथ समझौता

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



**मेरठ ।** भारत और आइसलैंड ने शैक्षिक व तकनीकी आदान-प्रदान सहित द्विपक्षिय संबंधों को नए स्तर पर पहुंचाने का निर्णय किया है। इस सम्बन्ध में इंडो-आइसलैंडिक बिजनेस एसोसियेशन (आईआईबीए) ने मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम के दौरान एमआईईटी के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल और इंडो-आइसलैंडिक बिजनेस एसोसियेशन के चेयरमैन प्रसून दीवान ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए।

चेयरमैन प्रसून दीवान ने बताया कि इंडो-आइसलैंडिक बिजनेस एसोसियेशन भारतीय विदेश मंत्रालय सहित आइसलैंड सरकार से भी मान्यता प्राप्त है। इस समझौते के तहत भारत और आइसलैंड के मध्य शैक्षिक, तकनीकी, सांस्कृतिक, शिक्षक व छात्र आदान-प्रदान होगा, जिसका लाभ दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी पड़ेगा। साथ ही एमआईईटी के छात्र आइसलैंड का अनुभवे साथ लेकर वहां पर रोजगार व शैक्षिक सुविधाओं का लाभ भी ले सकेंगे। आइसलैंड कंप्यूटर विज्ञान और कृषि सहित कई क्षेत्रों में नवीनतम तकनीक का उपयोग कर रहा है, भारतीय छात्र और शिक्षक भी इससे अनुभव प्राप्त कर सकेंगे, जिसका द्विपक्षिय संबंध पर सकारात्मक प्रभाव रहेगा। समारोह में एमआईईटी के निदेशक डॉ एसके सिंह, वाइस प्रेसीडेंट (अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध) विभूति शंकर, वत्सल मेहरिश (आईआईबीए) सहित अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे।

# दो दर्जन से अधिक गांवों में सफाई व्यवस्था ध्वस्त , गन्दगी का अम्बार

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा के दो दर्जन से अधिक गांवों में सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। विभागीय जिम्मेदारों की उदासीनता और लापरवाही के कारण शासन की मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है।

सेमरियावा ब्लाक के 28 गांवों में सफाई व्यवस्था की पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। सफाई के अभाव में गांव में फैली गंदगी के कारण मच्छरजनित और जलजनित बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। जानकारी व मांग के बाद भी सम्बंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। जबकि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई और दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलना है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सफाईकर्मी की तैनाती किये जाने की मांग किये हैं।

इन गांवों में तैनात नहीं है सफाईकर्मी दुधारा, धुसुरा, मदारपुर, कोहरियावां, मिश्रौलिया, मंगुआ, बिगरामीर, रसूलपुर मिश्रौलिया, चैनपुर, नौवाडीह प्रथम, करमाखान, पुरैना, तिनहरीमाफी, नबीपुर, बुढ़ाननगर, सैथवलिया सुटेहरा, सिसईमाफी, उसराशहीद, सुल्तानपुर, मीरपुर, कथकपुरवा, टेकंसा टेकंसी, मोहम्मदगढ़, पिपराहंकार, बूधाकला, बूधा खुर्द, सिंहोरवा दीगर, टेमा रहमत सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) दीप श्रीवास्तव ने बताया कि जिन गांवों में सफाईकर्मी तैनात नहीं हैं वहां रोस्टर लगाकर सफाई कराई जायेगी।

# ट्रान्सपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों व ट्रान्सपोर्टस के लोगों को यातायात नियमो के पालन की शपथ दिलाई

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**




**हाथरस।** अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, आगरा जोन आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ के निर्देशन में आगरा जोन में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि के रूप में राष्ट्रीय क्षति को रोकने के लिए जन सामान्य में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध प्रभावी प्रर्वतन कार्यवाही हेतु 15 दिवसीय विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है । जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात अमित पाठक द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में ट्रान्सपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों व ट्रान्सपोर्टस के साथ बैठक आयोजित कर सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी देते हुए यातायात नियमो के पालन हेतु शपथ दिलाई गई । इस दौरान मीटिंग में प्रभारी यातायात निरीक्षक सुभाष यादव, ट्रान्सपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी व ट्रान्सपोर्टर आदि मौजूद रहें । मीटिंग के दौरान बताया गया कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग, शराब-नशे का सेवन कर ड्राइविंग ना करने, सीट बैल्ट, हैलमेट का प्रयोग करें, वाहन को ओवरस्पीड, ओवर लोड करके ना चलायें, अपने वाहन को अपने लेन में चलाये, रोंग साइड ड्राइविंग ना करें । सड़कों पर ब्लाइन्ड मोड,ब्लैक स्पोट आदि पर वाहन को नियंत्रित स्पीड में चलायें । अपने वाहनों को अवैध रूप से कहीं भी पार्क ना करें, रोड पर वाहनों को खडा ना करें । सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करें । इस दौरान सभी ट्रान्सपोर्टस को यातायात नियमों का पालन करने व अपने अधीनस्थ वाहन चालकों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई ।

# महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत महिला पुलिस कर्मियों से सार्वजनिक स्थलों पर पेट्रोलिंग करायें

**वेलकम इंडिया**



**झाँसी।** उपाध्यक्ष (उपमन्त्री दर्जा प्राप्त), उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग श्रीमती अपर्णा यादव द्वारा अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम अन्तर्गत मेडीकल कॉलेज स्थित वन स्टॉप सेन्टर, जिला महिला चिकित्सालय एवं जिला महिला बन्दीगृह का निरीक्षण कर कलैक्ट्रेट सभागार में महिला कल्याण विभाग एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। भ्रमण कार्यक्रम के तहत उपाध्यक्ष द्वारा सर्वप्रथम वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया, यहां पर सेंटर मैनेजर श्रीमती प्रीति गौर ने बताया कि वर्तमान समय में इस सेंटर पर 03 बालिकाओं को रेस्क्यू किया गया। मौके पर उपाध्यक्ष द्वारा 03 बालिकाओं से बातचीत की गयी तथा सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिये गये कि वन स्टॉप सेंटर पर रेस्क्यू कर लायी गयी पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन के निदेर्शानुसार परामर्श एवं अन्य आवश्यक सहायता मुहैया करायें। इसके पश्चात उपाध्यक्ष द्वारा जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया, यहां पर उन्होने चिकित्सक उपस्थिति पंजिका, ओपीडी, महिला वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, एसएनसीयू (सिक न्यू बोर्न केयर यूनिट) तथा प्रसूता महिला शौचालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिला चिकित्सालय में डयूटी के दौरान तैनात चिकित्सक सहित अन्य स्टॉफ उपस्थित पाये गये। अस्पताल में सफाई व्यवस्था सहित उपचार सम्बन्धी अन्य व्यवस्थायें संतोषजनक पायी गयी। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 राजनारायण ने बताया कि सरकार के निदेर्शानुसार जिला महिला चिकित्सालय में पात्र महिलाओं को गर्भावस्था से लेकर प्रसव की अवधि से मध्य सभी प्रकार की निःशुल्क परीक्षण सेवायें तथा अन्य स्वास्थ्य सेवायें निःशुल्क प्रदान की जाती है। उपाध्यक्ष ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिये कि अस्पताल में तैनात नर्सिंग स्टाफ के साथ आशा एवं एएनएम को समय-समय पर स्वास्थ्य सेवाओं सम्बन्धी आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करायें, जिससे अस्पताल में आने वाली महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें मुहैया करायी जा सके। उन्होने कहा कि महिला रोगियों एवं प्रसूताओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसके दृष्टिगत जिला महिला चिकित्सालय में चिकित्सकों की कमी को देखते हुये 02 एनिस्थीसिया चिकित्सकों की मांग हेतु शासन से पत्राचार करें। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारी जनपद में स्थापित स्वास्थ्य इकाईयों पर प्रदान की जा रही उपचार सेवाओं का समय-समय पर औचक निरीक्षण करें, जिससे निरीक्षण में परिलक्षित कमियों को दूर कर महिलाओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी बेहतर इलाज एवं परामर्श प्रदान किया जा सके।

# महिला ने दुकानदार पर लगाया अश्लील हरकत करने का आरोप

**कांधला।** कस्बा निवासी एक महिला ने एक कपड़ा दुकानदार पर पीड़िता के साथ फोन पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाते हुए आरोपी दुकानदार के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। कस्बा निवासी एक महिला ने थाने पर तहरीर देकर बात की पीड़िता 6 माह पूर्व नगर के एक इंटर कॉलेज के समीप कपड़ा दुकानदार के यहां से कपड़ा लेने के लिए गई थी। पीड़िता को कपड़े पसंद नहीं आए तो दुकानदार ने दो दिन बाद आने के लिए कहा और धोखे से पीड़िता का मोबाइल नंबर ले लिया और कहा कि कपड़ा आने पर आपको सूचित कर दिया जाएगा। पीड़ित महिला का आरोप है कि आरोपी दुकानदार पीड़िता से फोन पर बातें करने लगा महिला ने दुकानदार के द्वारा की गई हरकत की जानकारी अपने पति को दी तो महिला के पति ने दुकानदार को उसकी दुकान पर जाकर समझने का प्रयास किया। पीड़ित महिला का आरोप है कि आरोपी दुकानदार लगातार पीड़िता को 6 माह से फोन पर परेशान कर रहा है और अश्लील बातें करते हुए विरोध करने पर गाली-गलौज करता है।

# जुगाड़ और ई रिक्शा की टक्कर में आधा दर्जन महिला पुरुष घायल

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसे के दौरान आधा दर्जन महिला पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए, आसपास के लोगों ने डायल 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों का उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी ई रिक्शा चालक वसीम अपनी ई रिक्शा में गांव के ही नौशाद, आसिफ और महिला चंचल को लेकर कस्बे में आ रहा था ई रिक्शा चालक जैसे ही बाग के समीप पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे जुगाड़ के चालक ने लापरवाही से ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जुगाड़ की टक्कर से ई रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गई और ई रिक्शा चालक सहित सवारी भी गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जुगाड़ चालक हादसे को अंजाम देकर फरार हो गया। दुसरी और गांव किवाना निवासी भूरा अपनी पत्नी उषा के साथ बाइक पर सवार होकर गांव पंजोखरा स्थित बैंक में रुपए निकालने के लिए आया था जैसे ही बाइक सवार दंपति अपना कार्य निपटा कर अपने घर जा रहे थे तो हाईवे पर तेज गति से आए पीछे से अन्य बाइक सवार ने टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर लगने से पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों दोनों जगह हादसे में घायल हुए आधा दर्जन महिला पुरुषों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मामले में किसी भी घायल ने समाचार लिखे जाने तक थाने पर तहरीर नहीं दी थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है की तहरीर आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# मुनाजिर आलम ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलसचिव बने प्रोफेसर मोहम्मद महताब आलम से मुलाकात करके उन्हें सम्मान किया

**एहसान अंसारी**



**नई दिल्ली:** मंगलवार को जामिया मिल्लिया इस्लामिया, के नवीन कुलसचिव प्रोफेसर महताब का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मुन्नाजिर आलम ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। प्रोफेसर महताब ने सभी के सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। मुन्नाजिर आलम ने उनके कार्यकाल की सफलता की कामना की। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रोफेसर महताब के नेतृत्व में प्रशासनिक कार्यों में नया उत्साह आएगा। इस मुलाकात में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण देखने को मिला। नए कुलसचिव ने संस्थान के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। विश्वविद्यालय परिवार ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं। यह स्वागत समारोह सकारात्मक ऊर्जा और सौहार्द्र का प्रतीक बना।

# प्रतिभा खोज ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**वेलकम इंडिया**



**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)।** जिला खेलकूद विभाग द्वारा आयोजित प्रतिभा खोज ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत के मुख्य आतिथ्य में इंदिरा गांधी स्टेडियम के इनडोर हॉल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी को खेल भावना के साथ अपने खेल पर फोकस करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह विशेष शिविर उनके खेल में निखार लायेगा। जिस प्रकार खिलाड़ी खेल खेलते समय जरूरी संसाधनों का ध्यान रखते हैं। उसी प्रकार वाहन चलाते समय उन्हें यातायात नियमों का पालन भी करनी चाहिए। जिला खेलकूद अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा खेलकूद प्रतिभाओं के लिए विशेष प्रतिभा खोज ग्रीष्मकालीन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को मैदान से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि धौलपुर में फुटबॉल, हॉकी, बॉक्सिंग, तीरंदाजी, हैंडबॉल व कुश्ती जैसे खेलो के विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। 15 दिन तक आयोजित होने वाले विशेष शिविर में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला फुटबाल संघ धौलपुर द्वारा राजस्थान फुटबॉल अकेडमी कोटा में धौलपुर जिले की 8 बेटियों का चयन होने पर उनका माल व स्मृति चिन्ह के माध्यम से मंचासीन अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष गुरमीत मान, बंटी परमार सचिव संदीप राना, कोच चंद्र मोहन त्रिवेदी, जिला बैडमिंटन संघ सचिव मोहम्मद जाकिर हुसैन, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक अजय बघेल, अमृत लाल उपस्थित थे। मंच का संचालन एड.रंजीत दिवाकर द्वारा किया गया।

# चोरों का दुस्साहस किसान के खेत पर रखा ट्रांसफार्मर का तेल व तार चोरी



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में किसान के खेत पर रखा विद्युत विभाग के ट्रांसफार्मर से चोरों ने हजारों रुपए की कीमत का तेल और तार चोरी कर लिए जानकारी मिलने पर दर्जनों किसान मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र में आए दिन चोरों का दुस्साहस देखने को मिल रहा है चोरों के हौसले बुलंद है, आए दिन चोर पुलिस को चुनौती देकर अपने काम को बखूबी निभा रहे हैं, बीते दिनों में कई बार चोरी की घटना हो चुकी है पुलिस चोरी की घटनाओं को खोलने में नाकाम साबित हो रही है। चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर नगर एवं क्षेत्र के लोगों में पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी किसान इकबाल ने अपने खेत पर सिंचाई करने के लिए विद्युत विभाग से मंजूरी लेकर ट्रांसफार्मर रखा हुआ है।। किसान के अनुसार सोमवार की रात्रि चोरों ने मौका पाकर पीड़ित के खेत पर रखे ट्रांसफार्मर से तेल एवं तार सहित अन्य सामान चोरी कर लिया और मौके से फरार हो गए। मंगलवार सवेरे जैसे ही किसान अपने खेत पर पहुंचा तो चोरी की घटना की जानकारी हुई चोरी की जानकारी होने पर गांव के दर्जनों किसान भी जमा हो गए जिन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। चोरी की घटना की जानकारी होने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और छानबीन की पीड़ित किसान ने कार्रवाई की मांग की है पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

# राजाखेड़ा भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में बच्छेकि मंदिर पर सफाई अभियान चलाया गया




**वेलकम इंडिया**

**राजाखेड़ा धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)।** राजाखेड़ा मंडल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा बच्छेकी हनुमान मंदिर एवं बच्छेकी पार्क में 11 साल बेमिसाल मोदी के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकताओं द्वारा सफाई अभियान चलाया और स्वच्छता के लिए लोगों को जागृत किया स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलु है जो एक स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करता है। हर व्यक्ति के लिए अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखना जरूरी है इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह तोमर, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष सत्यम गुप्ता नायला मंडल अध्यक्ष जयवीर सिंह, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह, प्रमोद तिवारी बफ़्फ बोर्ड संयोजक राजू तिवारी, संदीप शर्मा, सुघर सिंह, शिवम सोनी चेतन गुप्ता कार्तिक प्रजापति, मदन राणा, विशाल उपाध्याय, खेम सिंह, अवधेश पाराशर, देवेंद्र सैंथिया आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य :- कोटड़िया

**वेलकम इंडिया**



**बाड़मेर, राजस्थान।** थार नगरी, बाड़मेर भीषण गर्मी को देखते हुए आमजन व राहगीरों की जलसेवा में जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से शहर में अलग-अलग स्थानों पर शीतल जल प्याऊ स्थापित की जा रही है। जिस कड़ी में मंगलवार को जीरा मण्डी परिसर में जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से भामाशाह श्री लाधुराम हस्तीमलजी पड़ाईयां तथा श्री हुक्मीचन्द रायमलजी सेठिया परिवार के सौजन्य से तेरहवीं व चौहदवीं शीतल जल प्याऊ का मण्डी अनाज व्यापार संघ अध्यक्ष हंसराज कोटड़िया, जीरा मण्डी व्यापार संघ अध्यक्ष गौतम बोथरा एवं संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन की उपस्थिति में शुभारम्भ हुआ। संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि भीषण गर्मी में राहगीर को पीने के पानी की सख्त जरूरत रहती है। प्यासे को पानी पिलाना बहुत बड़ा पुण्य का कार्य है। जिस क्रम में जीरा मण्डी परिसर में भामाशाह श्री लाधुराम हस्तीमलजी पड़ाईयां तथा श्री हुक्मीचन्द रायमलजी सेठिया परिवार के सौजन्य से शीतल जल प्याऊ का श्रीगणेश हुआ। जहां बाहर से आने वाले किसानों व राहगीरों को शीतल जल का लाभ मिल सकेगा। संस्थान की ओर से जन-सहयोग से अब तक 14 शीतल जल प्याऊ स्थापित की जा चुकी है। मण्डी अनाज व्यापार संघ अध्यक्ष हंसराज कोटड़िया ने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में प्यासे व्यक्ति को पानी पिलाना व उसकी व्यवस्था करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। कोटड़िया ने कहा कि प्राणीमात्र की सेवा हमारी परम्परा व संस्कृति रही है। ऐसे में हमें हमेशा सबकी सेवा व कल्याण के भाव रखने चाहिये। जीरा मण्डी व्यापार संघ अध्यक्ष गौतम बोथरा ने कहा कि जीरा मण्डी में शीतल जल प्याऊ लगाने से जीरा मण्डी में दूर-दराज ग्रामीण ईलाकों से आने वाले किसानों को शीतल जल मिल सकेगा।

# शहर के प्रशिद्ध कवि डा.नरेश सागर का हालचाल पूछने पहुंचे विधायक विजयपाल आढ़ती



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

हापुड़ जनपद के ग्राम मुरादपुर की सागर कालोनी में निवास करने वाले शहर के प्रशिद्ध कवि व बेखौफ शायर के नाम से प्रसिद्ध डा.नरेश कुमार 'सागर' जी का पीछले महीने एक रोड़ एक्सीडेंट हो गया था जिसमें उनका एक पैर फ्रैक्चर हो गया था, आज डा. सागर को देखने सदर विधायक श्री विजयपाल आढ़ती जी व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री संजीव त्यागी जी, भास्कर जी व अन्य टीम के साथ उनके निवास स्थान पर पहुंचे। विधायक विजयपाल आढ़ती जी ने डा. सागर के परिवार को किसी भी प्रकार की चिंता ना करने के लिए कहा और वहीं डा.नरेश सागर से कहा कि आप हमारे शहर का ही नहीं बल्कि प्रदेश और देश का भी गौरव हो आपको जब भी मेरी जरूरत पड़े मैं आपके साथ हूं। तो वहीं जिला अध्यक्ष श्री संजीव त्यागी जी ने कहा कि डा. साहब को मैं काफी सालों से जानता हूं मैं स्वयं इनकी कलम का दीवाना हूं यदि समाज इनका साथ देता तो शायद ये और भी ऊंचाईयों तक पहुंच जाते मगर अब हम आपके साथ है आप लिखते रहें। डा. सागर ने कहा कि आज शहर में किसी ने पहली बार मेरा और मेरे परिवार का हौसला बढ़ाया है जिसके लिए मैं और मेरा परिवार हमेशा आभारी रहेगा। सागर परिवार ने भी सभी का हाथ जोड़कर आभार व्यक्त किया जिसमें सागर जी की अम्मा रामेश्वरी देवी, पूनम सागर, साक्षी सागर, सोनू सागर, एकता सागर, निखिल सागर, समीर सागर व अनाया सागर उपस्थिति रहें।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या पुलिस जांच में जुटी

**वेलकम इंडिया**



**शिकारपुर/बुलंदशहर/** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मुरादपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश पुत्र मंगल सेन उम्र करीब 35 वर्ष ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर पर फांसी लगाकर की आत्महत्या मृतक साइकिल पर चाट पकौड़ी बेचकर करता था अपने परिवार का पालन पोषण परिजनों ने बताया है कि मृतक शराब का आदी था पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। मृतक की मौत से परिवार में मचा कोहराम परिजनों का रो रो कर बुरा हाल। उधर अहमदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा ने बताया है कि मृतक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# मोहर्रम को लेकर पुलिस सतर्क, ताजिया निमार्ताओं के साथ हुई बैठक

**मोहम्मद असलम**



**लखीमपुर खीरी।** आगामी मोहर्रम के मद्देनजर थाना खीरी परिसर में मंगलवार को एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी ने की, जिसमें क्षेत्र के ताजिया बनाने वाले लोगों के साथ पुलिस-प्रशासन ने सीधा संवाद किया। सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी ने बैठक के दौरान साफ तौर पर कहा कि मोहर्रम में निकलने वाले ताजियों की ऊंचाई निर्धारित सीमा के भीतर होनी चाहिए, ताकि कहीं पर बिजली के तारों में उलझने जैसी दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने कहा, हमारी पहली प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा है। ऐसे में सभी से अनुरोध है कि ताजिए की ऊंचाई सीमित रखें और शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम के कार्यक्रमों को संपन्न करें। बैठक में खीरी थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय ने भी लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी गतिविधि की पूर्व सूचना प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि मोहर्रम के जुलूस निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएं, ताकि सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से कोई दिक्कत न हो। चौकी प्रभारी कस्बा खीरी साधना यादव ने भी लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन हर हाल में मोहर्रम के अवसर को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन इसके लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग जरूरी है। प्रशासन ने आश्वस्त किया कि मोहर्रम के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रहेगी। संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जाएगी और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जाएगी। इस दौरान मौजूद ताजिया निमार्ताओं ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि वे सभी दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे और मोहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने में पूरा सहयोग देंगे।

# गौराष्ट्र यात्रा का मोदीनगर पहुँचने पर जैन परिवार द्वारा किया गया भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** भारत की प्राचीन गौ-संस्कृति और ग्राम आधारित अर्थव्यवस्था के पुनरुत्थान के संकल्प के साथ ऋषिकेश से आरंभ हुई गौराष्ट्र यात्रा आज मोदीनगर पहुँचने पर में समाजसेवी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वदेश जैन एवं युवा व्यवसायी गौरव जैन के परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

गौराष्ट्र यात्रा यात्रा की शुरूआत ऋषिकेश में संतजनों के आशीर्वाद से हुई, इसके बाद हरिद्वार स्थित हर की पैड़ी पर माँ गंगा की आरती कर पवित्र गंगाजल को साथ लेकर संकल्प लिया गया।रुड़की और शामली से होते हुए यात्रा अब ऐतिहासिक मोदीनगर पहुँची।एक ऐसी भूमि जो 1857 की क्रांति, किसान चेतना और गौ-परंपरा की मिसाल रही है।यहाँ यात्रा का भव्य स्वागत जैन स्वीट्स प्रतिष्ठान पर हुआ, जहाँ स्वदेश जैन और गौरव जैन ने समर्पित भाव से टीम का अभिनंदन किया। यात्रा के नेतृत्वकर्ता भारत सिंह राजपुरोहित अध्यक्ष जीव जंतु कल्याण एवं कृषि शोध संस्थान ने कहा कि गौमाता केवल आस्था का विषय नहीं, राष्ट्र के भविष्य और सुरक्षा की आधारशिला हैं। यह यात्रा केवल धार्मिक नहीं, एक सामाजिक और आर्थिक पुनर्जागरण का प्रयास है।इस अवसर पर परम गौभक्त स्वदेश जैन, गौरव जैन एवं अंकित शर्मा भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस मुहिम का सक्रिय समर्थन किया।

गांव, गौ, संस्कृति और समृद्धि की ओर भारत सिंह ने बताया किह्यगौराष्ट्र यात्रा का उद्देश्य केवल गौ संवेदना फैलाना नहीं, बल्कि युवाओं को गौ-उद्योग से जोड़ना, महिला सशक्तिकरण, जैविक खेती और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में राष्ट्रीय जागरूकता उत्पन्न करना भी है।यह यात्रा ग्राम स्वराज, आत्मनिर्भर भारत और सतत विकास जैसे मूल्यों को धरातल पर साकार करने की दिशा में अग्रसर है। यात्रा अब मोदीनगर होते हुए दिल्ली की ओर बढ़ेगी, जहाँ देश के जनप्रतिनिधियों व नागरिकों से संवाद कर यह अपील की जाएगी कि गौ रक्षा को एक राष्ट्रव्यापी अभियान का स्वरूप दिया जाए। मीडिया माध्यमों का हम हार्दिक आभार प्रकट करते हैं, जिनके सहयोग से यह पुनीत संदेश देशभर के करोड़ों जनमानस तक पहुँच रहा है।



# आईपीईसी और इंडो-आइसलैंडिक बिजनेस एसोसिएशन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर



वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** भारत और आइसलैंड के बीच शैक्षिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी कड़ी में इन्द्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज और इंडो-आइसलैंडिक बिजनेस एसोसिएशन (आईआईबीए) के बीच आपसी समझ और सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर आईपीईसी के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल और आईआईबीए के चेयरमैन प्रसून दीवान ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। प्रसून दीवान ने बताया कि इंडो-आइसलैंडिक बिजनेस एसोसिएशन भारत के विदेश मंत्रालय और आइसलैंड सरकार दोनों से मान्यता प्राप्त है।इस साझेदारी का उद्देश्य शिक्षा, तकनीक, इनोवेशन, कृषि और कंप्यूटर विज्ञान जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करना है।समझौते के अंतर्गत छात्र और शिक्षक आदान-प्रदान, संयुक्त शोध परियोजनाएं, रोजगार व उच्च शिक्षा के अवसरों सहित सांस्कृतिक और अकादमिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। इससे न केवल दोनों संस्थानों को लाभ होगा, बल्कि भारत और आइसलैंड के बीच संबंधों को भी मजबूती मिलेगी।प्रसून दीवान ने यह भी आशा जताई कि आईपीईसी के साथ मिलकर गुणवत्ता-आधारित कार्यक्रम लागू करेंगे, जिससे छात्रों को वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके।इस अवसर पर आईपीईसी के निदेशक डॉ. अजय कुमार, वाइस प्रेसीडेंट (अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध) विभूति शंकर, वत्सल मेहरिश (आईआईबीए) सहित अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों की समस्याओं के समाधान हेतु जिलाधिकारी ने उठाए आवश्यक कदम



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर**, गोविन्द मेहता, जनपद में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों की समस्याओं के प्रभावी समाधान हेतु जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों की समस्याएं सुनी गईं और त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।बैठक में जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के गांवों में सोलर लाइट लगाए जाने साथ ही सभी स्थलों पर ़स्मृति पट्ट़ (सिलापट्ट) स्थापित कर उनके योगदान को सम्मान दिए जाने और उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से संबंधित समस्याओं की समीक्षा के लिए प्रत्येक तीन माह में अनिवार्य रूप से बैठक आयोजित किए जाने, डीएम ने स्पष्ट कहा कि जिन आवेदकों के प्रमाण पत्र लंबित हैं, उन्हें एक सप्ताह के भीतर जारी किया जाए। ताकि उन्हें विभिन्न सरकारी लाभों का शीघ्र लाभ मिल सके।जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जिन परिजनों की पेंशन किसी कारणवश रुकी है, उन्हें पुनः पेंशन शुरू कर संबंधित लाभ प्रदान किए जाएं। सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे सभी समस्याओं का समाधान कर एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# अतिक्रमण हटवाने के लिए नगरायुक्त को दिए प्रार्थना पत्र

वेलकम इंडिया




**सहारनपुर।** जनसुनवाई में आज आयी 8 शिकायतों में चार शिकायतें अतिक्रमण सम्बंधी रही, जिनके सम्बंध में नगरायुक्त शिपू गिरि ने प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। आज जनसुनवाई के दौरान वार्ड संख्या 06 वर्धमान कॉलोनी निवासी दानिश ने चम्मच कारखाने के पास एक व्यक्ति द्वारा सड़क पर चबूतरा बनाकर किये गए अतिक्रमण, वार्ड 37 गिल कॉलोनी निवासी अशोक गुप्ता ने गली नंबर एक से अतिक्रमण हटवाने, वार्ड 43 आनंद नगर निवासी सोनू ने नाले पर टायर-कवर रखकर किये गए अतिक्रमण तथा वार्ड संख्या 43 सराय हिसाबुद्दीन निवासी दिलशाद ने शाहनूर जी के बराबर में मुख्य मार्ग पर किये गए अतिक्रमण को हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। जिस पर नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा न्यू आवास विकास वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी व महासचिव सूरजमल ने नगरायुक्त को प्रार्थना पत्र देकर नया आवास विकास कॉलोनी, हरिमंदिर रोड की सीवर लाइन चौक होने तथा कुत्तों के बढ़ते आतंक की ओर ध्यान दिलाते हुए सीवर लाइन की सफाई कराने तथा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की। इस पर नगरायुक्त ने सीवर सफाई करने वाली कार्यदायी संस्था को सीवर की सफाई कराने तथा कुत्तों के सम्बंध में निगम के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा को कार्रवाई के निर्देश दिए। वार्ड संख्या 34 की तनूजा ने प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन में साफ-सफाई कराने तथा वार्ड संख्या 2 विशाल विहार निवासी विनित ने गृहकर-जलकर का बिल ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिन्हें नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को कार्रवाई के लिए भेज दिया। जनसुनवाई के दौरान अपर नगरायुक्त पी के यादव व मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम, अधिशासी अभियंता जल वी बी सिंह, सीटीओ संगीता गुप्ता सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# फायर सर्विस टीम की मुस्तेदी से आवासीय भवन में लगी आग पर पाया गया काबू

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** जिला अस्पताल बागेश्वर के पास एक आवासीय भवन में अचानक आग लगने से वहां सनसनी फैल गई। आग लगते ही मामले की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई।जिसके बाद एफएसओ गोपाल सिंह रावत के कुशल नेतृत्व में फायर टीम तत्काल वॉटर टेंडर एवं मिनी हाई प्रेशर वॉटर टेंडर वाहन के साथ घटना स्थल पहुंची।मामले की सूचना मिलते ही तहसीलदार दलीप सिंह बिष्ट भी मौके पर पहुँचे।उन्होंने मौके का निरीक्षण किया।और फायर ब्रिगेड की टीम को जल्द आग पर काबू पाने के निर्देश दिए। फायर ब्रिगेड टीम ने भवन स्वामी मोहन राम आर्या के मकान के दो मंजिला के एक कमरे में लगी आग को बुझाने के लिए अभियान चलाया। जिसमें नेपाली मजदूर किराए में रहता था।उसके कमरे में रखा सामान जल गया था। फायर टीम द्वारा तत्काल वॉटर टेंडर के होजरील के द्वारा आग को पूर्ण रूप बुझाया। फायर टीम की त्वरित कार्यवाही के फलस्वरूप आग मकान के अन्य कमरों तक नहीं फैल पायी। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। आग बुझाने में लगी टीम में एफएसओ गोपाल सिंह रावत, एलएफएम केदार सिंह, चालक रमेश बंगारी। चालक जगदीश सिंह फायरमैन सोहन लाल, दीपक दानू, नीरजफायर वोमन अंजना पूजा आदि मौजूद थे।

# एसपी सिटी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण


वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** एसपी सिटी मानुष पारीक ने मंगलवार सुबह रिजर्व पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड की सलामी ली और जवानों की वर्दी, फिटनेस और अनुशासन की जांच की। इसके साथ ही परेड में ड्रिल अभ्यास भी कराया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी ने पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी वर्दी पहनने और टर्नआउट बेहतर रखने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि पुलिस की छवि लोगों के सामने अनुशासन और जिम्मेदारी से पेश आने पर ही बनती है। हर जवान को ड्यूटी के दौरान अपनी भूमिका को पूरी निष्ठा से निभाना चाहिए।पुलिस लाइन का किया दौरा परेड के बाद एसपी सिटी ने पुलिस लाइन परिसर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आरआई कार्यालय, शस्त्रागार, स्टोर, परिवहन शाखा समेत कई विभागों का निरीक्षण किया और कर्मचारियों से कामकाज की जानकारी ली। उन्होंने साफ-सफाई और रजिस्टरों के रख-रखाव को लेकर भी अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

# बरेली जिला जेल के पीछे खेत में मिले तेंदुए के पगचिन्ह

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** जिला जेल बरेली के पीछे स्थित ग्राम सैदूपुर कुर्मियान के खेतों में मंगलवार सुबह तेंदुए के जैसे पगचिन्ह मिलने से हड़कंप मच गया। खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने सबसे पहले ये निशान देखे और तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस व वन विभाग को दी। ग्रामीणों के अनुसार, ये निशान किसी बड़े मांसाहारी वन्यजीव, संभवतः तेंदुए के हैं, जो खेत की मिट्टी पर साफ नजर आ रहे थे। जिला जेल की चारदीवारी से महज कुछ मीटर की दूरी पर मिले ये निशान सुरक्षा एजेंसियों के लिए भी चिंता का सबब बन गए हैं। ये सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पगचिन्हों की माप व फोटो लिए गए। वन रेंजर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में ये तेंदुए के पगचिन्ह प्रतीत हो रहे हैं।

# समीक्षा बैठक में डीएम अविनाश सिंह ने ग्रेडिंग सुधारने के दिए सख्त निर्देश

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** जिला मुख्यालय बरेली के कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को विकास विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी (डीएम) अविनाश सिंह ने की। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए अ ग्रेड बनाए रखें, वहीं जिन विभागों को वर्तमान में इ या उ ग्रेड प्राप्त है, वे निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य कर अपनी रैंकिंग एवं ग्रेडिंग में तत्काल सुधार करें। डीएम अविनाश सिंह ने बैठक के दौरान सीएम डैशबोर्ड पर उपलब्ध आंकड़ों का विस्तृत विश्लेषण करते हुए कहा कि यह पोर्टल शासन की प्राथमिकताओं एवं योजनाओं की निगरानी का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसकी कार्यशैली पारदर्शिता, जवाबदेही और परिणाम आधारित क्रियान्वयन को बढ़ावा देती है। उन्होंने विभाग प्रमुखों से अपेक्षा जताई कि वे समयबद्ध रूप से योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और उनके अद्यतन आंकड़े नियमित रूप से पोर्टल पर दर्ज कराएं। सीएम डैशबोर्ड पर अ ग्रेड को बनाए रखने वाले विभागों की सराहना करते हुए डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि इन विभागों ने निर्धारित मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद की छवि को सशक्त किया है। साथ ही उन्होंने चेताया कि जो विभाग लगातार पिछड़ रहे हैं, उनकी प्रगति में सुधार नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, जल निगम, कृषि, महिला एवं बाल विकास, पंचायतीराज आदि के प्रदर्शन की गहन समीक्षा की।

# विश्व बाल श्रम दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** जन शिक्षण संस्थान गाजियाबाद कौशल विकास उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित के तत्वावधान में विश्व बाल श्रम दिवस का आयोजन, गोविंदपुरी, मोदीनगर ब्लॉक भोजपुर में किया गया। जिसमे अखिल भारतीय मानवाधिकार के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्य अतिथि सतीश अग्रवाल और वैश्य कुटुंब महिला समिति की जिला अध्यक्ष ऋतु अग्रवाल एवं कमल भी उपस्थित थे...उन्होंने बताया ़हर बच्चा है खास, मत छीनो उससे उसका एहसास।़जिन हाथो में किताबें होनी चाहिए वह मजदूरी में न उलझे यहीं सच्ची मानवता है। बाल श्रम को समाप्त करना एवं बच्चों के लिए सुरक्षा, शिक्षा और अधिकार सुनिश्चित करना। अत्याधिक गरीबी और निर्धनता के कारण माता-पिता अपने बच्चों को मजदूरी पर भेजने के लिए मजबूत होते हैं। शिक्षा का महत्व नहीं समझते इसमें है। बेरोजगारी सस्ती मजबूरी के नाम कमजोर कानून और उनका पालन न होना जागरूकता की कमी पारिवारिक जिम्मेदारी आदि। कार्यक्रम का आयोजन सहायक कार्यक्रम अधिकारी श्रीमति शोभा यादव ने किया एवं बताया जन शिक्षण संस्थान गाजियाबाद कौशल विकास उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक बहु उद्देशीय शिक्षा प्रणाली है जो गाजियाबाद के चारों ब्लाकों में अनपढ़, नवसाक्षर, रुडिमेंट्री, स्कूली शिक्षा को किसी कारणवश बीच में ही छोड़ना पड़ा। ऐसे युवक युवतियों को हाथ का हुनर सिखाकर रोजगार के अवसर प्रदान करता है स्वयं का रोजगार के स्वर्णिम अवसर प्रदान करता है वह भी घर बैठें। इसमें लगभग 50 लाभार्थियों ने भाग लिया। अनुदेशिका श्री मति अंशु गर्ग का विशेष योगदान रहा है।

# अतिक्रमण को लेकर सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के जुड़े लोगों ने सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** नगर में विभिन्न मार्गो तथा मुख्य मार्ग पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के जुड़े लोगों ने चिंता व्यक्त करते हुए एक ज्ञापन पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली एवं एसीपी ज्ञान प्रकाश राय को सौंपा। जिसमें अवैध रूप से कब्जा किए हुए अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। जिसमें यह मांग की गई की मोदीनगर शहर के मुख्य मार्गों जिनमें फफराना रोड कस्बा रोड तिबडा रोड सीकरी रोड निवाड़ी रोड बिसोखर रोड सारा रोड व शहर के अन्य मुख्य मार्गों पर अवैध रूप से कब्जा किए हुए अतिक्रमणकारियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण हटाया जाए तथा जो भी अवैध ठीए लगवाने के एवज में मासिक भारी भरकम रूपए ऐंठ रहे हैं उन सभी पर आपराधिक कार्यवाही की जाए।साथ ही साप्ताहिक पैठ को बड़े सरकारी मैदानों में शिफ्ट किया जाए तथा बाहरी लोगों जिनके द्वारा ठीए लगाकर व्यापार करने से महिला सम्बंधित अपराधों जैसे चेन कुण्डल स्नेचिंग, महिलाओं के साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार व मोदीनगर में चोरी डकैती जैसे अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है तत्काल प्रभाव से उनके ठीए हटवाकर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। अतिक्रमण के विरुद्ध सहयोग करने वाले संगठनों में विश्व सनातन हिंदू वाहिनी, हिंदू समाज पार्टी, पूर्व सैनिक संघ, युग शक्ति क्रान्तिकारी संगठन, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, हिंदू युवा वाहिनी, अपराध मुक्त गाजियाबाद सेवा समिति, श्री कृष्ण योग वेदांत सेवा संस्थान न्यास, आर्य समाज ग्राम सारा मोदीनगर, राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संस्थान, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट मोदीनगर, बजरंग दल व सत्य सनातन हिंदू वाहिनी व अन्य संगठन उपस्थित रहे तथा ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्यतः राज वर्मा, पंकज कंसल, आचार्य प्रेम स्वरूप शुक्ला, सीमा शर्मा, नीरज शर्मा, धीरेन्द्र शर्मा, एडवोकेट अरुण कुमार, नवीन जैन, विक्रम, अरुण त्यागी, फकीर चन्द, जिले सिंह रामकिशन शर्मा, अंकित, अनिल जैन, मीरा शुक्ला, बबलू चौधरी व आदि सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे तथा साथ ही सभी संगठनों ने एक स्वर में अतिक्रमण से परेशान होकर प्रशासन को चेताया कि यदि तीन दिन के अंदर अतिक्रमण पर कोई कारवाई नहीं की जाती है तो सभी संगठन स्वयं शांतिपूर्ण तरीके से इस अतिक्रमण को हटाने का कार्य करेंगे।

# 11 साल बेमिसाल सेवा, सुशासन और विकास का संकल्प

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और सर्वांगीण विकास के 11 वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम चौपाल, संकल्प सभा अभियान के अंतर्गत आज मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रेवड़ी, हुसैनपुर, मिल्क रावली, सुराना एवं ढिंडार में व्यापक जनसंपर्क व विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर माननीय सांसद अतुल गर्ग, मुरादनगर विधानसभा के विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व अध्यक्ष अरविंद भारतीय, ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी, भाजपा नेता राहुल डैनी, मनोज प्रधान, दिनेश प्रधान सहित जिले के अन्य प्रमुख कार्यकर्ता एवं ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्य, बीडीसी सदस्य आदि उपस्थित रहे।

**सांसद अतुल गर्ग ने कहा:** प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने जिस गति से बुनियादी ढांचे, सामाजिक कल्याण और तकनीकी प्रगति के क्षेत्र में कार्य किया है, वह अभूतपूर्व है। गांव-गांव तक पहुंच बनाकर हम आत्मनिर्भर भारत की नींव को और मजबूत कर रहे हैं।

**विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा:** हमारा लक्ष्य केवल विकास नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन और भागीदारी सुनिश्चित करना है। मुरादनगर विधानसभा में विकास की रफ्तार को हर गांव तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। मेरा हर कदम जनसेवा और राष्ट्र निर्माण को समर्पित है।

**पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा:** पिछले 11 वर्षों में जिस पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और जनसरोकार के साथ कार्य हुए हैं, उसने लोकतंत्र की गरिमा को और ऊंचा किया है। हम सब मिलकर मुरादनगर को विकास का आदर्श मॉडल बनाएंगे।

**कार्यक्रम की मुख्य झलकियाँ:** सड़कों, बिजली, पानी एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की परियोजनाओं का लोकार्पण जनसंपर्क के माध्यम से जनता को योजनाओं की जानकारी और लाभ प्रदान करने की पहल हर गांव तक मूलभूत सुविधाएं झ हर द्वार तक विकास की किरण झ हर नागरिक तक सम्मान से जुड़ाव के संकल्प की पुनर्पुष्टि यह आयोजन 11 साल बेमिसाल की भावना को साकार करते हुए विकसित भारत समर्पित भारत की दिशा में एक मजबूत कदम सिद्ध हुआ।

# सीबीआई ने कांट्रेक्टर को सराहा, दी प्रशस्ति पत्र

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** सरकारी निर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवा और तकनीकी उत्कृष्टता का उदाहरण बनते हुए सीपीडब्ल्यूडी (सीपीडब्लूडी) के रजिस्टर्ड गवर्नमेंट कांट्रेक्टर राजेंद्र कुमार नागर को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके अनुकरणीय कार्य, कार्यनिष्ठा और बेहतरीन प्रबंधन क्षमताओं के लिए दिया गया, जिसने न केवल उनके नाम को रौशन किया बल्कि सरकारी निर्माण क्षेत्र के लिए एक नई प्रेरणा भी स्थापित की। प्रशस्ति पत्र सीबीआई के डीआईजी (ट्रेनिंग) अनीश गुप्ता द्वारा प्रदान किया गया, जिन्होंने नागर के कार्यों की सार्वजनिक रूप से सराहना की। उन्होंने कहा कि 10 मई 2025 को सीबीआई के विधि अधिकारियों के लिए आयोजित सेमिनार की सफलता में राजेंद्र नागर का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। इस आयोजन के अंतर्गत विजिटर लाउंज, पोर्टा केबिन-केपीकेबी, निदेशक लाउंज और अधिकारी छात्रावास की लिफ्ट का उद्घाटन सीबीआई निदेशक द्वारा किया गया था। कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाओं को वरिष्ठ अधिकारियों ने खूब सराहा और इसकी सफलता का श्रेय नागर के दृढ़ समर्पण, सुसंगठित प्रबंधन और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य को दिया गया। राजेंद्र कुमार नागर वर्तमान में सीपीडब्ल्यूडी के अंतर्गत सीजीओ कॉम्प्लेक्स में कार्यरत हैं, जहां वे कई महत्वपूर्ण निर्माण एवं विकास परियोजनाओं में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके द्वारा किए गए कार्यों में उच्च स्तर की निर्माण गुणवत्ता, समयबद्ध कार्य निष्पादन और तकनीकी सटीकता प्रमुख विशेषताएं हैं, जो उन्हें अन्य ठेकेदारों से अलग करती हैं। सीबीआई जैसी शीर्ष संस्था द्वारा दिया गया यह सम्मान न केवल राजेंद्र नागर के लिए गौरव की बात है, बल्कि यह पूरे निर्माण समुदाय को यह संदेश देता है कि जब निष्ठा, गुणवत्ता और समय का समन्वय होता है, तब कार्य स्वयं बोलने लगते हैं। इस उपलब्धि ने जहां राजेंद्र नागर की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई दी है, वहीं सरकारी निर्माण कार्यों में उत्कृष्टता और पारदर्शिता की एक नई दिशा भी स्थापित की है।

# फर्जी वसीयत से मकान पर कब्जा, 50 लाख की फिरौती की मांग

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर कोतवाली क्षेत्र में पारिवारिक रिश्तों की आड़ में धोखाधड़ी और जबरन वसूली का चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां दो भाइयों ने अपने ही फुफेरे भाइयों पर मकान पर फर्जी वसीयत के जरिए कब्जा करने और उसे छोड ? के बदले 50 लाख रुपये की मांग करने का आरोप लगाया है। यह मामला तब प्रकाश में आया जब कैला भट्टा क्षेत्र के निवासी अयाज अहमद और अराफात अहमद ने नगर कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, पीड़ितों का मकान कैला रोड पर स्थित है, जो लगभग 205 वर्ग गज में फैला हुआ है। यह मकान पहले उनके पिता इश्तियाक अहमद के नाम था, जिनके निधन के बाद दोनों भाई इस मकान का उपयोग कर रहे थे। अयाज अहमद ने बताया कि उनके पिता के साथ उनके मामा भी काम किया करते थे और पिता के देहांत के बाद मामा ने कामकाज संभाल लिया था। बाद में मामा का भी देहांत हो गया। मकान पर नजर गड़ाए बैठे मामा के बेटे आदिल और नसीम ने मौके का फायदा उठाकर बिना किसी कानूनी दस्तावेज या किरायेदारी के मकान पर कब्जा कर लिया। शुरूआत में उन्होंने इसे अस्थायी रूप से इस्तेमाल करने की बात कही, लेकिन जब पीड़ित भाइयों ने मकान खाली करने के लिए कहा तो आरोपियों ने कब्जा छोडे के बदले 50 लाख रुपये की फिरौती की मांग की। यही नहीं, मना करने पर पीड़ितों को जान से मारने, यहां तक कि गोली मारने की धमकी तक दी गई।

# सरकारी फार्मासिस्ट सरकारी दवाओं से इलाज, वायरल वीडियो से उठा नकली डॉक्टर का पर्दा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मसूरी क्षेत्र के ग्राम नाहल से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक सरकारी फार्मासिस्ट पर सरकारी सेवा में रहते हुए निजी अस्पताल संचालित करने, सरकारी दवाओं का दुरुपयोग करने और मरीजों के साथ अमानवीय व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगे हैं। योगेन्द्र नाथ सचान उर्फ वाईएन सचान, जो वर्तमान में हापुड़ सीएमओ कार्यालय में चीफ फार्मासिस्ट के पद पर तैनात हैं, ग्राम नाहल में पटेल केयर एंड क्योर हॉस्पिटल नामक एक निजी अस्पताल का संचालन कर रहे हैं। आरोप है कि यह अस्पताल गांव के सचिवालय के सामने करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से बनवाया गया है, जहां सरकारी अस्पताल की दवाओं का उपयोग कर मरीजों से मोटी फीस वसूली जाती है। इस पूरे मामले की शिकायत हेल्प एशियन फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष यूसुफ खान ने जिलाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस अधिकारियों को दी है। उन्होंने कहा कि उनके पास इस घोटाले से जुड़े पुख्ता सबूत हैं, जिनमें सरकारी दवाओं की तस्वीरें, वीडियो फुटेज और चश्मदीदों की गवाही शामिल है। हाल ही में वायरल हुए एक वीडियो में योगेन्द्र सचान एक महिला मरीज के साथ गाली-गलौज करते और जूते मारने की धमकी देते दिखाई दे रहे हैं, जिसने इस मामले को और गंभीर बना दिया है। यूसुफ खान का कहना है कि यह व्यक्ति पिछले 35 वर्षों से यह अस्पताल चला रहा है और अब डासना क्षेत्र में अपनी पत्नी के नाम से एक और अस्पताल बनवा रहा है, जिसे वह रिटायरमेंट के बाद शुरू करने की योजना में है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि एक फार्मासिस्ट होते हुए भी योगेन्द्र सचान खुद को डॉक्टर बताते हैं, अस्पताल का बोर्ड लगाते हैं और खुलेआम मरीजों का इलाज करते हैं। यह मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के दिशा-निर्देशों और सरकारी सेवा नियमों का सीधा उल्लंघन है।

# बीटेक छात्रा की आत्महत्या से सनसनी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम क्षेत्र की जयपुरिया सनराइज ग्रीन सोसाइटी से सुबह एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई, जिसने न सिर्फ शहर को झकझोर दिया, बल्कि फिर एक बार छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर गंभीर सवाल भी खड़े कर दिए हैं। यहां स्थित एक पेइंग गेस्ट (पीजी) में रहने वाली 21 वर्षीय नेहा, जो कि बीटेक की छात्रा थी, अपने कमरे में फांसी पर लटकी हुई पाई गई। नेहा मूल रूप से मथुरा की रहने वाली थी और गाजियाबाद में रहकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही थी। घटना उस समय सामने आई जब नेहा की रूममेट ने सुबह दरवाजा खटखटाया और कोई जवाब न मिलने पर पीजी संचालक को सूचित किया। जब दरवाजा तोड़ा गया तो नेहा को छत के पंखे से चुन्नी के सहारे लटका हुआ पाया गया। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, जिससे मामले को लेकर रहस्य और बढ़ गया है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का माना जा रहा है, लेकिन कॉलेज प्रशासन, दोस्तों और परिवार से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के पीछे की वजह स्पष्ट हो सके। नेहा के करीबी दोस्तों का कहना है कि वह पिछले कुछ समय से तनाव में थी, लेकिन उसने कभी खुलकर अपनी परेशानी किसी से साझा नहीं की।

# इंसाफ की तलाश में अदालत पहुंची युवती अब खुद असुरक्षित, न इंसाफ मिला, न सुरक्षा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** यह मामला केवल एक पीड़िता का नहीं, बल्कि महिला सुरक्षा, न्याय प्रणाली और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गहरा सवाल है। लव जिहाद का शिकार होकर कोर्ट की शरण में पहुंची एक युवती आज खुद को सबसे असुरक्षित महसूस कर रही है। न्याय की उम्मीद लिए उसने मुकदमा तो दर्ज कराया, लेकिन अब वही सिस्टम उसे बार-बार तोड़ रहा है—जेल से छूटे आरोपी के डराने-धमकाने से लेकर पुलिस की उपेक्षा तक। क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में दर्ज इस मुकदमे में पीड़िता ने फैजान उर्फ अक्षय नामक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक और मानसिक शोषण, जबरन धर्म परिवर्तन के दबाव और धोखाधड़ी जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। शुरूआती कार्रवाई के बाद पुलिस की भूमिका संदेह के घेरे में आ गई, जब मुख्य आरोपी की जमानत में अप्रत्यक्ष सहयोग और दो नामजद आरोपियों को बिना जांच हटाने जैसी घटनाएं सामने आईं।

# चार बाइक समेत चार आरोपी गिरफ्तार, रेकी कर करते थे बाइक चोरी


वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अंकुर विहार थाना पुलिस ने एक सक्रिय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार शातिर चोरों को चोरी की चार बाइक समेत गिरफ्तार किया है। यह गिरोह दिल्ली और आसपास के इलाकों में रेकी करने के बाद वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देता था और फिर उन्हें सुनसान जगहों पर छिपाकर कुछ दिनों बाद बेच दिया करता था। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर एक स्थान से दो और चोरी की बाइकें भी बरामद की हैं। मामला अंकुर विहार थाना क्षेत्र का है, जहां पुलिस डीएलएफ बिजलीघर के पास वाहनों की नियमित चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो बाइक पर सवार चार युवकों को रोका गया। जब उनसे कागजात मांगे गए तो वे घबरा गए, जिससे पुलिस को शक हुआ। जांच में सामने आया कि दोनों बाइक चोरी की हैं। इस पर पुलिस ने चारों युवकों को गिरफ्तार कर थाने लाकर पूछताछ की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अरशद और जावेद निवासी अशोक विहार थाना लोनी, तथा आसिफ और तौफिक निवासी खुशहाल पार्क कॉलोनी थाना ट्रॉनिका सिटी के रूप में हुई है। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि पूछताछ के दौरान चारों ने कई खुलासे किए हैं।

# पुलिस रिक्रूट आरक्षियों की व्यवस्थाओं पर पैनी नजर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में प्रशिक्षण हेतु नियुक्त जेटीसी रिक्रूट आरक्षियों के ठहरने और दैनिक आवश्यकताओं की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को एडिशनल पुलिस कमिश्नर (मुख्यालय) कल्पना सक्सेना ने सुंदरदीप और खोड़ा शेल्टर होम का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इस बात को विशेष रूप से प्राथमिकता दी। श्रीमती सक्सेना ने ठहराव स्थलों की स्वच्छता, सुरक्षा, खानपान और मूलभूत सुविधाओं की बारीकी से समीक्षा की और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए व्यवस्था को और बेहतर बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि ये रिक्रूट आरक्षी भविष्य की पुलिस व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके प्रशिक्षण के दौरान रहने की परिस्थितियां मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ वातावरण देने वाली होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि रिक्रूट्स को कोई प्रशासनिक परेशानी न हो और उन्हें समय पर भोजन, पानी, स्वास्थ्य सेवाएं तथा पर्याप्त आरामदायक आवास मिले।

# कांवड़ यात्रा को सकुशल और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से समीक्षा बैठक आयोजित

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** सावन माह के पावन अवसर पर आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा को सकुशल और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में एक महत्वपूर्ण प्रारंभिक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, विद्युत विभाग, चिकित्सा, परिवहन, वन विभाग, एनडीआरएफ और अन्य सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की शुरूआत करते हुए अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह ने कांवड़ यात्रा मार्ग की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि जनपद से होकर गुजरने वाला कांवड़ मुख्य मार्ग मुरादनगर से टीला मोड़ तक 25 किलोमीटर और कादराबाद बॉर्डर से दिल्ली बॉर्डर तक 42.5 किलोमीटर लंबा है। इसके अतिरिक्त सहायक मार्गों में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे (53 किमी) और एनएच-9/एनएच-24 (28 किमी) भी शामिल हैं। यात्रा के प्रमुख पड़ावों में मुरादनगर गंगनहर घाट, दूधेश्वरनाथ मंदिर, दिल्ली गेट स्थित देवी मंदिर और सुराना शिव मंदिर जैसे स्थान सम्मिलित हैं, जहां भारी संख्या में श्रद्धालु एकत्र होते हैं। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि कांवड़ यात्रा को सफल, सुरक्षित और पूर्णतः व्यवस्थित बनाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी विभाग समयबद्ध रूप से कार्य सुनिश्चित करें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कांवड़ मार्ग पर सीसीटीवी कैमरों का नेटवर्क पूरी तरह सक्रिय रहे और उसकी रिपोर्ट संबंधित नियंत्रण कक्ष को नियमित रूप से प्राप्त होती रहे।

# पुराना रोडवेज बस अड्डा बनेगा देश का मॉडल ट्रांसपोर्ट हब

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर के बहुप्रतीक्षित पुराने रोडवेज बस अड्डे के जीर्णोद्धार कार्य का जायजा लेने मंगलवार को शहर विधायक संजीव शर्मा स्वयं निर्माण स्थल पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओमेक्स ग्रुप के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि यह बस अड्डा न केवल गाजियाबाद के नागरिकों के लिए सुविधा का प्रतीक बनेगा, बल्कि यह उत्तर प्रदेश के लिए एक उदाहरण और मॉडल ट्रांसपोर्ट टर्मिनल के रूप में उभरेगा। ओमेक्स ग्रुप द्वारा पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर तैयार किया जा रहा यह बस अड्डा आधुनिक सुविधाओं और भव्यता से परिपूर्ण होगा। इसमें मॉल, ब्रांडेड आउटलेट्स, लाजवाब फूड कोर्ट, और यात्री सुविधाओं की एक लंबी श्रृंखला शामिल होगी, जिससे यह सिर्फ एक बस अड्डा नहीं, बल्कि एक मल्टीफंक्शनल ट्रांजिट हब बन जाएगा। विधायक ने जानकारी दी कि बस अड्डे के निर्माण कार्य पूर्ण होते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं परिवहन मंत्री इसका भव्य उद्घाटन करेंगे। यात्रियों को यहां पहले से अधिक बस सेवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे गाजियाबाद से अन्य प्रमुख शहरों के लिए यात्रा अधिक सुगम और सुविधाजनक होगी। विधायक के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने बताया कि नवनिर्मित बस अड्डे में यात्रियों के लिए दोपहिया एवं चारपहिया वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था होगी।

# आरोपी की दबंगई से त्रस्त परिवार ने छोड़ा अपना आशियाना

**गाजियाबाद।** मोदीनगर थाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक 18 वर्षीय छात्रा और उसका परिवार महीनों से एक मनचले युवक की छेड़छाड़, धमकियों और मारपीट का शिकार होता रहा।

## खोया- पाया

मेरी यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 1987 की कक्षा 12 वी की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक नं0 393382 है, कहीं गुम हो गई है। काफी तलाश किया नहीं मिली। मिलने पर सूचित करें– प्रमोद कुमार शर्मा पुत्र मुरारी लाल निवासी सीकरी कला मोदीनगर गाजियाबाद।